CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

देहरादून, सोमवार 4 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 362 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 9 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब ड्रोन उड़ाया, तो गैंगस्टर व एनएसए की होगी कार्रवाई पेज 2



क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरी: यशस्वी जायसवाल खेल टाइम्स



ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट सम्पादकीय



ट्रम्प ने 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे पेज 12

## अब पूरे देश में लागू हो यूसीसी: डीवाई चंद्रचूड़



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'ऑवर लिविंग कॉन्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। 11 जुलाई को पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है।

**पूर्व सीजेआई बोले-सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लिया जाए, संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया**

## गोंडा: बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**गोंडा।** उप्र के गोंडा जिले में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर रविवार सुबह 10 बजे सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि दो पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार ही खत्म हो गया।

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर शेष पृष्ठ दो पर

**जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे एक ही परिवार के लोग, 10 साल की बच्ची अभी लापता**

### पीएम ने दो-दो लाख व सीएम ने पांच-पांच लाख मदद देने का किया ऐलान

**गोंडा।** गोंडा में हुए इस भयावह व भीषण हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताते हुए जहां मृतकों के परिजनो को दो-दो लाख देने का ऐलान किया, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता की घोषणा की है।

### बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा कहा दिल्ली पुलिस ने

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को बंगा भवन को लिखे एक सरकारी लेटर में बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा बताया। इसमें लिखा था कि अवैध रूप से भारत में रह रहे 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद डॉक्यूमेंट्स बांग्लादेशी भाषा में हैं। ऐसे में आगे की जांच के लिए बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा का एक आधिकारिक अनुवादक उपलब्ध कराएं। इस लेटर पर सवाल उठाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली पुलिस की यह कोई छोटी-मोटी गलती नहीं है। यह भाजपा की बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और बंगाल को बांग्लादेश से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की एक सोची-समझी साजिश है। यह संविधान के आर्टिकल 343 और 8वीं अनुसूची का उल्लंघन है। बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है।

### यूपी में नदियां उफान पर, 12 जिलों में बाढ़ के हालात

**नई दिल्ली।** उप्र में तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इनमें प्रयागराज, काशी जिले शामिल हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है। प्रयागराज में बाढ़ में अपने बच्चे को गोद में लेकर निकले माता-पिता का वीडियो सामने आया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर बह रहा है, खतरे का निशान 71.4 मीटर है।

### प्रज्वल की अब नई पहचान कैदी नंबर-15528

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरु की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने जेल में अपनी पहली रात बिताई।

## टैरिफ के बाद भी भारत का अमेरिका से तेल इंपोर्ट दोगुना

### अप्रैल-जून में भारत ने 32 हजार करोड़ का क्रूड ऑयल खरीदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एक न्यूज एजेंसीने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में इसे 90 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल -शेष पृष्ठ दो पर



**फिर भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेनल्टी लगाई**

### स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है।

श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की। प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है कि हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया। हमारे पीएम मोदी के नेट-जीरो विजन की दिशा में एक शक्तिशाली कदम। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में स्वदेशी रूप से निर्मित एक मेगावाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया था।

### ईसी को लेकर जनता में संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के उप नेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसी) की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है।




### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद/लंदन।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें।

## एनसीपी-शरद के विधायक बोले: सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद किया

ठाणे, वार्ता

**एनसीपी (शरद गुट)** के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की। आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और -शेष पृष्ठ दो पर

**ऐसा कभी कोई धर्म नहीं था, सनातन धर्म ने शिवाजी महाराज के राजतिलक को नकारा**

## सैन्य अफसर ने स्पाइसजेट के 4 कर्मियों को पीटा

**एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा, बेहोश हुए स्टाफ को लातों से मारता रहा**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई।

दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। 26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-386 श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टाफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टाफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### रुपये में 62 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 62.50 पैसे (0.72 प्रतिशत) लुढ़क कर 87.1850 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। सप्ताह के पहले तीन दिन में ही भारतीय मुद्रा टूटकर 87.77 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गई थी। हालांकि अंतिम दो दिन मजबूती आने से यह 87.1850 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 40 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से 158.795 करोड़ डॉलर की बिकवाली की। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक के 100 के करीब पहुंच जाने से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जुलाई में भी बने रहे बिकवाल

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 5,538 करोड़ रुपए (63.4 करोड़ डॉलर) की पूंजी की निकासी की। वैश्विक अनिश्चिताओं के बढ़ने के बीच यह लगातार दूसरा महीना है, जबकि एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। जून में उनकी ओर से शुद्ध रूप से 63.4 करोड़ डॉलर की निकासी की गई थी। जुलाई के पहले तीन सप्ताह में शुद्ध रूप से लिवाल रहे विदेशी निवेशकों ने आखिरी सप्ताह में जमकर बिकवाली शुरू कर दी थी। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क की घोषणा मानी जा रही है।

# यूपी के 55 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद व बिजनौर में बारिश व बिजली चमकने की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो



कई नदियां खतरे के निशान पर पहुंचीं, पूर्वी और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में झमाझम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है.। मौसम विभाग ने 55 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें लखनऊ, मऊ, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कुशीनगर, देवरिया, संत कबीर नगर, बस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, हरदोई और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं।

अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है। प्रदेश में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां गंगा, यमुना, रामगंगा, गोमती, शारदा, और राप्ती, खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, और श्रावस्ती जैसे उत्तरी जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। निचले इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित होने और अंडरपास बंद होने की आशंका है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में मुरादाबाद 270 मिमी, संभल 210 मिमी, हरदोई 170 मिमी और बाराबंकी 320 मिमी भारी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण कई गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव, ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नुकसान और कच्ची सड़कों को क्षति हो सकती है।

**वेस्ट यूपी में विशेष अलर्ट**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, संभल, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, मेरठ, बिजनौर में बारिश का विशेष अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, अम्बेडकर नगर में भी विशेष अलर्ट जारी किया गया है।

# भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करे: अलका लांबा

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोघ के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं। मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस देशभर में हो रही दुष्कर्म की इन घटनाओं के खिलाफ तब तक विधानसभाओं और संसद सदस्यों का घेराव करती रहेगी जब तक आरोपियों को दंड नहीं मिलता है। सुश्री लाम्बा ने ओडिशा की दुष्कर्म की एक जघन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिदा जला दिया। बच्ची को दिल्ली एम्सलाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया। जब सवाल किया गया कि बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था। ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 2022 से 2024 के बीच राज्य में दलित और आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कहा कि 7,418 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रधानमंत्री पर अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। ये सब मालूम होते हुए भी मोदी ने उसके लिए प्रचार किया।

# यूपी में अंबेडकर तीर्थस्थल यात्रा योजना शुरू की जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर उत्तर प्रदेश में अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना शुरू करने की मांग की है।

अपने पत्र में चौधरी ने कहा है कि लोगों की डा. अम्बेडकर के प्रति सम्मान और अगाध प्रेम की भावना ने उनके जीवन से जुड़े स्थलों को तीर्थस्थल बना दिया है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए इन स्थलों का दर्शन अब भी व्यवहार्य नहीं है। इसलिए उनकी सहायता के लिए 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' नाम से एक योजना शुरू



■ केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने सीएम योगी को पत्र लिखा

अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों के दर्शन और भ्रमण को लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थी (महू-जन्मभूमि, लंदन-शिक्षा भूमि, दिल्ली-महापरिनिर्वाण स्थल, नागपुर-दीक्षा भूमि और मुंबई-चैत्य भूमि) के भ्रमण का प्रावधान किया जा सकता है। यह यात्रा पूरी तरह नि:शुल्क होगी।

## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : सीएम योगी

# यूपी में ड्रोन उड़ाने वाले पर लगेगा एनएसए

लखनऊ, वार्ता

यूपी में अब ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाएगा।

कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा



■ दोषी पर गैंगस्टर भी लगाया जाएगा
■ तकनीक का गलत प्रयोग नहीं होने दिया जाएगा

कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन की दहशत के बाद अब प्रदेश सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो एनएसए भी लगाया जाएगा। प्रदेश में अब बिना इजाजत ड्रोन के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। निगरानी और सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन में पुलिस और प्रशासन पर भरोसा बना रहे। मुख्यमंत्री योगी ने तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी तकनीक का गलत इस्तेमाल करते हैं उनसे सरकार सख्ती से निपटेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं हैं। बता दें कि देश में ड्रोन उड़ाने को लेकर सरकार की ओर से स्पष्ट नियम और कानून बनाए गए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। नियमों का पालन न करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नैनो ड्रोन यानी 250 ग्राम या उससे कम वजन वाले ड्रोन के अलावा सभी ड्रोन के लिए विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त करना जरूरी है। यह यूआईएन डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो ड्रोन से संबंधित सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम है। बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए रिमोट पायलट लाइसेंस होना अनिवार्य है। नैनो ड्रोन और गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए माइक्रो ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

### हवाई क्षेत्र को तीन क्षेत्रों में बांटा गया

ग्रीन जोन : यहां कुछ शर्तों के साथ ड्रोन उड़ाने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। इस क्षेत्र में 400 फीट (120 मीटर) तक ड्रोन उड़ाया जा सकता है। येलो जोन : इस क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के लिए संबंधित हवाई यातायात नियंत्रण प्राधिकरण से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। हवाई अड्डे की परिधि से 8 से 12 किलोमीटर के बीच का क्षेत्र येलो जोन में आता है, जहां 200 फीट से ऊपर ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति चाहिए। रेड जोन : यह नो फ्लाइ्र जोन है जहां केंद्र सरकार की अनुमति के बिना ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

**सेंसेक्स** 80695.15
**निफ्टी** 24768.35

**सोना रु.** 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 115500
प्रति किलो

# आरबीआई की बैठक, वित्तीय परिणामों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी आयात शुल्क की चिंता में पिछले सप्ताह घरेलू शेयरों बाजारों में बिकवाली हावी रही और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पांच में से दो दिन बढ़त के साथ बंद होने के बावजूद 863.18 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 80,599.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी सप्ताह के दौरान 271.65 अंक (1.09 प्रतिशत) टूटकर 24,565.35 अंक पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक



लगातार पांचवीं बार साप्ताहिक गिरावट में बंद हुई हैं। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक पर होगी। तीन दिन की बैठक के बाद बुधवार को बयान जारी किया जाएगा। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम भी सप्ताह के दौरान आने वाले हैं। अमेरिकी आयात शुल्क के मद्देनजर निवेशक बाजार में आगे और स्पष्टीकरण का इंतजार करते हुए सतर्कता बरत सकते हैं। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह काफी उथल-पुथल वाला रहा। वैश्विक चुनौतियों के बीच निवेशकों ने घरेलू बाजार पर आश्रित कंपनियों में निवेश किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व तथा बैंक ऑफ जापान द्वारा आने वाले समय में दरों में वृद्धि के संकेत देने से निवेशकों की तत्काल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते सप्ताह ज्यादा शेयरों पर आधारित सूचकांकों में एनएसई के निफ्टी-100 में 292.50 अंक (1.15 प्रतिशत) की गिरावट रही और यह 25,149.60 अंक पर बंद हुआ।

### सोना और चांदी की कीमतों में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** रविवार को सुबह 9:20 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। इंडियन बुलियन एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 98600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88843 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी की कीमत 123000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। देश के बड़े शहरों मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 96,810 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि दिल्ली में 96,640 प्रति 10 ग्राम था। वहीं कोलकाता में 96,680 प्रति 10 ग्राम, तो बेंगलुरु में 96,890 प्रति 10 ग्राम रहा। हैदराबाद में 96,930 प्रति 10 ग्राम, तो चेन्नई में सोने का भाव 97,100 प्रति 10 ग्राम था। रक्षा बंधन आने वाला है, ऐसे में सावन की शुरुआत के साथ ही सराफा बाजार से सोना चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 3 अगस्त को बाजार खुलने के साथ ही सोने की कीमत में इजाफा हुआ है, जबकि चांदी के भाव में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। यूपी के लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, आगरा समेत अन्य शहरों में 3 अगस्त को सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# चावल-गेहूं में साप्ताहिक तेजी दालों व खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत नौ रुपए चढ़कर सप्ताहांत पर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी नौ रुपए महंगा होकर 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 18 रुपए बढ़ी और यह 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया।

सरसों तेल के दाम में औसतन 260 रुपए की जबरदस्त साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 99 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 10 रुपए महंगा हुआ। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। सप्ताह के दौरान सोया तेल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल छह रुपए और पाम ऑयल 12 रुपए प्रति क्विंटल की फिसल गया। बीते



सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 58 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में भी 51 रुपए की बढ़त दर्ज की गई। वहीं तुअर दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। उड़द दाल करीब 14 रुपए और दाल मूंग 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी चार रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ के बाद...**

खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत तक पहुंच गई। 30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी। भारत अभी रूस से अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत तेल इंपोर्ट करता है।

**गोंडा: बोलेरो...**

उनकी मौत हो गई। गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। स्पीड तेज और बारिश होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी, तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं।

**एनसीपी-शरद के...**

गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डा. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया। आव्हाड का ये बयान मालेगांव ब्लास्ट के सभी 7 आरोपियों को बरी किए जाने और भगवा आतंकवाद पर जारी राजनीतिक बहस के बीच आया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितम्बर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था।

**सैन्य अफसर...**

देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। यह सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। जब स्टाफ ने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने पीटना शुरू कर दिया। बगल में रखे एक स्टैंड से कर्मचारी पर हमला कर दिया। उन्हें लात-घूंसे भी मारे। कुछ के जबड़े में भी चोट आई। स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री बेहोश कर्मचारी को लात मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद के लिए नीचे झुकते समय एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। एयरलाइन ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया गया है। स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिकारियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

# स्वदेशी वस्तुओं को लेकर 10 से कैट का राष्ट्रव्यापी अभियान: खंडेलवाल



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से इस संबंध में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है।

यहां आयोजित कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम 'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' रखने का निर्णय लिया है और कहा है कि प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड शासन के अफसरों के विभागों में फेरबदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने कई आईएएस एवं पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। जिसमें अपर सचिव ऊर्जा एवं वित्त अहमद इकबाल को अपर सचिव आवास विभाग एवं सीईओ भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण का जिम्मेदारी भी दी गई है।

अपर सचिव रंजना राजगुरु के पास से बाल विकास एवं महिला कल्याण तथा आईसीडीएस की जिम्मेदारी हटाई गई है। बाकी विभाग उनके पास बने रहेंगे। अपर सचिव अनुराधा पाल को आबकारी विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई है। पूर्व के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा आदि विभाग भी उनके पास बने रहेंगे। अपर सचिव नरेंद्र सिंह भंडारी कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग हटा लिया गया है। पीसीएस अफसर बीएल राणा के पास से उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के एसीईओ का पद हटाकर निदेशक आईसीडीएस एवं महिला कल्याण बनाया गया है। पीसीएस नरेंद्र सिंह को आयुर्वेद विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया गया है, वे आबकारी विभाग के अपर आयुक्त भी बने रहेंगे। सचिवालय सेवा के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह को पूर्व के विभागों के साथ ही अपर सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास भी दिया गया है। अपर सचिव सचिवालय सेवा कविंद्र सिंह को संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई है। अपर सचिव संतोष बडोनी के शहरी विकास विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। बाध्य प्रतिक्षारत लाल सिंह नागरकोटी को अपर सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं जनगणना विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सचिवालय सेवा के संयुक्त सचिव महावीर सिंह को सेवा का अधिकार आयोग का सचिव बनाया गया है।

# 187 चयनित अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

## सिंचाई विभाग के 144 पदों पर और परिवहन के 43 पदों पर हुई नियुक्ति

- परिवहन विभाग में पात्र आश्रितों को दी नियमानुसार नियुक्ति
- सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 144 अभ्यर्थियों एवं उत्तराखण्ड परिवहन निगम में मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत 43 पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र वित. रित किए। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने कुल 187 विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों एवं आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को भी नियुक्तियां देने का काम किया है। बीते वर्ष 150 आश्रितों और आज शेष 43 पात्र आश्रितों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए गए हैं।



### हमने भर्तियों में धांधली को समाप्त किया: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। राज्य सरकार ने युवाओं की समस्या को देखते हुए देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया। अब राज्य में भर्तियां पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया बीते साढ़े 3 वर्ष में प्रदेश के 23 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं।

### बेरोजगारी में बड़ी गिरावट आई: महाराज

सिंचाई विभाग के मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 23 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का काम हुआ है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी में बड़ी गिरावट आई है। उन्होंने कहा सिंचाई विभाग में चयनित अभ्यर्थियों की मदद से विभाग और सक्षम होगा, जिससे विकास को नई गति मिलेगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जारी

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। अब भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को नहीं छोड़ा जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने भी प्रदेशवासियों से स्वदेशी और लोकल उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड, प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया राज्य सरकार के प्रयासों से 2024 में निगम ने रिकॉर्ड 56 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, सविता कपूर, सचिव युगल किशोर पंत, अपर सचिव रीना जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# घीड़ी में डॉ. रावत ने किया मेजर डोभाल स्मृति पार्क का शिलान्यास

- कहा, नई पीढ़ी को देश सेवा व बलिदान की भावना से जोड़ेगा स्मृति पार्क

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने रविवार को पौड़ी के घीड़ी गांव में मेजर डोभाल स्मृति पार्क का विधिवत शिलान्यास किया। यह पार्क देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के पिता स्वर्गीय मेजर गुणानंद डोभाल की स्मृति में बनाया जाएगा गया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ रावत ने कहा कि यह स्मृति पार्क केवल एक हरित स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, बलिदान और प्रेरणा का जीवंत प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है, जिसने देश को अजीत डोभाल जैसा राष्ट्ररक्षक दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पार्क समूचे उत्तराखंड और भारतवर्ष का गौरव बनेगा। स्मृति पार्क के निर्माण और संरक्षण की जिम्मेदारी 127 इन्फेंट्री बटालियन की इकोलॉजिकल टास्क फोर्स को सौंपी गयी है। टास्क फोर्स के नेतृत्व में आज लगभग 2 हजार फलदार, औषधीय और सुगंधित पौधे भी रोपे गये। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रत्तुल थपलियाल ने कहा कि यह पार्क करीब 8 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधों के माध्यम से हरित सौंदर्य और जैव विविधता को संरक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और पूर्व सैनिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया: रविवार को हुई लिखित परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पुलिस आरक्षी (जनपदीय पुलिस, पीएसी,आईआरबी) भर्ती प्रक्रिया के तहत जनपद देहरादून के 21 परीक्षा केन्द्रो पर कड़ी सुरक्षा के बीच लिखित परीक्षा रविवार को आयोजित कराई गई।

जनपद के 21 परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस आरक्षी (जनपदीय पुलिस, पीएसी, आईआरबी) भर्ती प्रक्रिया की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित कराई का रहो है। भर्ती प्रक्रिया को पूर्णत: पादर्शिता एंव निर्बाध रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु एसएसपी देहरादून द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा डयूटी में नियुक्त पुलिस कर्मियों को परीक्षा डयूटी के दौरान पूर्ण निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए, साथ ही भर्ती केन्द्रों के आस-पास किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से न रुकने देने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए।

# अभी 5 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी

## राजधानी देहरादून सहित कई जिलों में रविवार को होती रही बारिश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के ज्यादातर जिलों में मौसम का मिजाज अभी पांच अगस्त तक ऐसे ही बिगड़ा रहेगा। क्योंकि मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए ऑरेंज एलर्ट जारी किया है। चेतावनी के अनुसार रविवार 3 अगस्त को भी राजधानी देहरादून सहित राज्य के ज्यादातर इलाकों में लगातार बारिश होती रही।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने ऑरेंज एलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सोमवार चार अगस्त को भी कुमाऊँ और गढ़वाल मंडल के ज्यादातर जिलों में भारी से भारी बारिश जारी रह सकती है। इसमें देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर सहित कई जिले शामिल हैं। इसके अलावा पांच अगस्त को भी देहराद. ून, बागेश्वर, टिहरी, पौड़ी, उत्तरक. ाशी, चंपावत, नैनीताल सहित कई जिलों में भारी से भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही राज्य के मैदानी जिलों में भी कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग ने कई जनपदों में भारी बारिश और कई जनपदों में भारी से भारी बारिश की स्थिति के मद्देनजर लोगों से नदियों के किनारे जाने से मना किया है। क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के कारण नदियों का जल स्तर बढ़ा हुआ चल रहा है और इसमें बढ़ौत्तरी की संभावना ही है। इसलिए जो बस्तियों या गांव नदियों के किनारे हैं वहां पर अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की चेतावानी और पूर्वानुमान को देखते हुए उत्तराखंड सरकार भी एलर्ट मोड पर है। आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को एडवाईजरी जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के साथ ही आपदा प्रबंधन में लगे सभी विभाग सतर्क रहें। और किसी भी आपात स्थिति में आपसी तालमेल से काम करते हुए जिम्मेदारी निभाएँ।

# आरक्षण तय करने में सरकार ने की मनमानी: दसौनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सरकार ने उत्तराखंड की लोकतांत्रिक प्रणाली और पंचायत व्यवस्था के साथ बहुत बड़ा मजाक किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के पदों की आरक्षण सूची जारी करते समय भारी अनियमितता और मनमानी की गई है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का।

दसौनी ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस इस सूची का साक्ष्य-आधारित विरोध करती है। सरकार द्वारा दिनांक 11 जून 2025 को जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया था कि आरक्षण का आधार जनसंख्या रहेगा और जनसंख्या को 13 जिलों से भाग देकर आरक्षण प्रतिशत तय किया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और सामान्य वर्गख्रसभी के लिए समान 13 जिलों के आधार पर गणना होनी थी। गरिमा ने कहा कि आरक्षण सूची तैयार करते समय जनसंख्या को 13 के बजाय 12 से विभाजित किया गया, जिससे पूरे फार्मूले की पारदर्शिता संदिग्ध हो गई है। यह सीधा उल्लंघन है शासनादेश का, और साफ संकेत करता है कि धामी सरकार की मंशा में खोट है। दसौनी ने कहा कि इतना ही नहीं, सरकार ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद आरक्षण सूची जारी की, जो कि अब तक की परंपरा के विपरीत है। 2003, 2008 और 2014 में पंचायत चुनावों से पहले ही आरक्षण घोषित कर दिए जाते थे। इससे स्पष्ट है कि आरक्षण सूची में गलत मंशा से जोड़तोड़ की गई है। दसौनी ने न्यायालय के एक ऐतिहा. सिक फैसले सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश सरकार का हवाला देते हुए कहा कि पंचायत चुनावों में आरक्षण तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट की शर्त अनिवार्य है।

# सरकार बना रही बेटियों को आत्मनिर्भर : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की मातृ शक्ति के प्रेम और आशीर्वाद से उन्हें प्रदेश की और अधिक सेवा करने हेतु भरपूर ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व पारस्परिक प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व होने के साथ ही हमें हमारे सामा. जिक कर्तव्यों का बोध करवाने वाला त्योहार भी है जो बहनों के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बेटियों एवं महिलाओं को हर प्रकार से सक्षम, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। जहां एक ओर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार देश की बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत करने के साथ-साथ, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, शौचालयों के निर्माण, आवास योजना के तहत महिलाओं को प्राथमिकता, मातृत्व अवकाश में वृद्धि तथा बेटियों के लिए सेना और सैनिक स्कूलों का रास्ता खुलवाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम भी किया है। इसी का नतीजा है कि देश की महिलाएं खेत में अनाज उगाने से लेकर अंतरिक्ष प्रोग्रामों का हिस्सा बनने तक सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# रुद्रप्रयाग जिले के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने सीएम से की भेंट

- बीजेपी विधायक भरत सिंह चौधरी के नेतृत्व सीएम आवास पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कैंप कार्यालय, मुख्यमंत्री आवास में विधायक भरत सिंह चौधरी के नेतृत्व में आए रुद्रप्रयाग जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रति. निधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं को नए दायित्व हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा हम सबने मिलकर राज्य की जनता के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा हमारा यह कर्तव्य होना चाहिए कि आगे बढ़कर हम सभी अपनी पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के विक. सित होने से ही राज्य विकसित होगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे उत्तराखंड राज्य को आगे ले जाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।




# मालेगांव धमाकों की जांच से खुली कांग्रेस की पोल: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने मालेगांव धमाकों को लेकर पूर्व जांच अधिकारी के खुलासे को सनातनद्रो. ही कांग्रेस और गांधी परिवार की पोल खोलने वाला बताया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि संतों, सैन्य अधिकारियों के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की कोशिश सामने आने के बाद, सनातन को बदनाम करने की उनकी साजिश से पर्दा पूरी तरह उठ गया है।

मीडिया के लिए जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट मामले की जांच में शामिल एटीएस के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर के किए गए खुलासे से कांग्रेस और गांधी परिवार की पोल पूरी तरह से खुल गई है। उन्होंने निशाना साधा कि जांच से जुड़े एटीएस के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर का बताना कि जांच के दौरान उन पर दबाव बनाया गया था कि झूठा केस बनाकर सरसंघचालक मोहन भागवत को गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि भगवा आतंकवाद का फर्जी नैरेटिव बनाने के पीछे गांधी परिवार की सोच थी कि किसी भी तरह से सनातन को बदनाम किया जाए। उन्होंने कहा कि 2008 में हुए मालेगांव बम विस्फोट केस से सात निर्दोषों की रिहाई बताती है कि देश में कांग्रेस सरकार ने श्भगवा आतंकवादश का नैरेटिव फैलाने की कोशिश की थी। विशेष रूप से "गांधी परिवार" हिंदुओं को अपमा. नित चाहता था।यह सब तुष्टिकरण राजनीति और वोटबैंक के लालच का नतीजा था। अब अदालत के फैसले ने कांग्रेस द्वारा गढ़ा हुए नैरेटिव को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

### सनातन संस्कृति को किसी भी तरह से अपमानित करने का था एजेंडा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि एसटीएफ अधिकारी महबूब के बयान का हवाला देते हुए कहा कि, स्वाभाविक रूप से गांधी परिवार का ही एजेंडा था कि वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन संस्कृति को किसी भी तरह से अपमानित की जाए। उनके गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी कांग्रेस पार्टी के एक सम्मेलन में पहली बार 'भगवा आतंकवाद' शब्द का इस्तेमाल किया था। जब उनसे पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि मुझसे जो मेरी पार्टी आलाकमान ने कहा मैंने वो किया।

# कांग्रेस ने प्रभारियों से मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने ने पूर्व में पंचायत चुनावों के लिए जनपदों में भेजे सभी पर्यवेक्षकों से तत्काल अपने प्रभार वाले जनपदों में जिला पंचायत अध्यक्ष व जिले की क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के संभावित प्रत्याशियों की रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की और से सभी पर्यवेक्षकों से आग्रह किया है कि वे तत्काल अपने प्रभार वाले जनपदों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, संसद व विधायक चुनाव लड़े नेताओं, जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों से वार्ता कर संभावित प्रत्याशियों का पैनल तैयार कर प्रदेश मुख्यालय को प्रेषित करने के लिए कहा है। धस्माना ने कहा कि प्रदेश के आठ जनपदों में कांग्रेस की जिला पंचायत अध्यक्ष पर अच्छी संभावनाएं है और क्षेत्र पंचायत में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस के सदस्य जीते हैं और अगर चुनाव पारदर्शी तरीके से हुए तो प्रदेश में बड़ा उलटफेर होगा। धस्माना ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल सत्ता शासन प्रशाशन व धन बल के जोर पर येन केन प्रकारेंण चुनाव जीतने का प्रपंच कर रही है।

# महिला सशक्तिकरण की योजनाएं माता बहनों के प्रति जिम्मेदारी और प्रेम: सीएम

- हरबंस कपूर मेमोरियल हाल में रक्षाबंधन समारोह-2025
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, मंत्री गणेश जोशी, व नेहा जोशी भी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि वे एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक भाई के रूप में माताओं-बहनों की सेवा में उपस्थित हैं। उन्होंने अपील की कि प्रदेश की किसी भी बहन-बेटी को कभी भी कोई परेशानी हो तो वो सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में संपर्क करें, मुख्यमंत्री का प्रयास रहेगा कि वे स्वयं माताओं व बहनों की परेशानी का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण कर एक भाई होने का कर्तव्य निभा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए जल्द ही "जल सखी योजना" शुरू करने जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपने की भी तैयारी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए कनेक्शन, बिल वितरण, बिल वसूली और योजनाओं के रखरखाव का काम, भी आउटसोर्स के आधार पर महिला समूहों को दिया जाएगा। ये सब केवल योजनाएं नहीं हैं, बल्कि ये बहनों के प्रति मेरी जिम्मेदारी और प्रेम है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में हरबंस कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल, गढ़ी कैंट,देहरादून में आयोजित रक्षाबंधन समारोह 2025 में सम्मिलित हुए द्य इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, भाजपा युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा जोशी सहित भारी संख्या में प्रदेशभर की महिलाएं उपस्थित थी।




### महिला सशक्तिकरण में अभूतपूर्व कार्य: शेखावत

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उन्हें हर घर शौचालय तथा जल जीवन मिशन जैसी महिलाओं के कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है द्य प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देशभर में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहा है द्य सभी योजनाएं महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है। उत्तराखंड के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्र की महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों को केंद्र एवं राज्य सरकार ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का कार्य किया है।

### माताओं-बहनों ने दी शुभकामनाएं

रक्षाबंधन समारोह में प्रदेशभर से भारी संख्या में उपस्थित माताओं व बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायत चुनावों में व्यापक समर्थन देने के लिए समस्त उत्तराखंड वासियों का आभार व्यक्त किया।

## चला स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों ने दिखाई सक्रियता

**नई टिहरी।** ब्लॉक चंबा की ग्राम पंचायत दिखोल के अंतर्गत आने वाले गांव मनियार में नव निर्वाचित ग्राम प्रधान बलवंत रावत और महिला मंगल दल की अध्यक्ष शशि रावत के नेतृत्व में एक गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने एकजुट होकर गांव की साफ-सफाई में भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

स्वच्छता अभियान की शुरुआत गांव में बेतरतीब रूप से उगी झाड़ियों के काटने से हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने विभिन्न संपर्क मार्गों की सफाई कर उन्हें पूरी तरह व्यवस्थित किया। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे कचरे को निर्धारित स्थान पर एकत्र करें और उसे कूड़ा वाहन के माध्यम से उचित निस्तारण हेतु भेजें, ताकि गांव स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे।

# नंदा की वार्षिक लोकजात यात्रा 16 से शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** नंदा की वार्षिक लोकजात यात्रा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। श्री नंदा देवी राजराजेश्वरी मंदिर कमेटी (परगना नन्दाक बधाण) द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार इस बार राजराजेश्वरी नंदा देवी की लोकजात यात्रा 16 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित होगी। 16 अगस्त को राज राजेश्वरी की डोली कुरूड धाम मंदिर से हिमालय को प्रस्थान करेगी। 14 अगस्त से 16 अगस्त तक कुरूड धाम में तीन दिवसीय नंदा मेला का भी आयोजन किया जायेगा।

हर साल सीमांत जनपद चमोली में भादो के महीने मां नंदा की वार्षिक लोकजात का आयोजन होता है। वार्षिक लोकजात कई मायनों में 12 बरसों में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात से भी ज्यादा



विस्तारित है। जनपद चमोली के 7 विकासखंडों और अलकनंदा, मन्दाकिनी, पिंडर घाटी के 800 से अधिक गांवो में नंदा की वार्षिक लोकजात यात्रा के दौरान लोकोत्सव का उल्लास रहता है,

इस दौरान गांवों में भारी चहल पहल रहती है, वहीं ध्याणियां भी मां नंदा से मिलने अपने अपने मायके पहुंच जाती है। नंदा की वार्षिक लो. कजात जिसमें बंड नंदा डोली की लोकजात कुरूड से चलकर नरेला बुग्याल, नंदा दशोली डोली की लो. कजात कुरूड से चलकर बालपाटा, राजराजेश्वरी की डोली कुरूड से चलकर बेदनी बुग्याल में नंदा सप्तमी के दिन तर्पण पूजा के बाद सम्पन्न होती है।

# मान्दरा गांव में बंदरों का आतंक खेत-खलिहानों में मचाई तबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बालगंगा रेंज के बासर पट्टी अंतर्गत आने वाले मान्दरा गांव के ग्रामीण इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक से बेहद त्रस्त हैं। खेतों में मेहनत से उगाई गई धान की फसल, मौसमी फल और सब्जियां लगातार बंदरों के हमले की भेंट चढ़ रही हैं। इससे न केवल ग्रामीणों की आजी. विका पर संकट मंडराने लगा है, बल्कि उनकी दिन-प्रतिदिन की मेहनत भी व्यर्थ हो रही है।

पूर्व प्रधान मोहन लाल भट्ट ने बताया कि गांव के लोग वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले वर्ष बंदरों की संख्या अधिक बढ़ने पर वन विभाग को सूचित किया गया था, जिसके बाद बालगंगा रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने तीन बार टीम भेजकर बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई करवाई थी। इससे कुछ



समय के लिए राहत जरूर मिली थी, लेकिन अब स्थिति दोबारा चिंताजनक हो चुकी है।

वर्तमान ग्राम प्रधान सुचिता देवी, केपार्स के प्रधान रतन सिंह, उदय नेगी समेत कई ग्रामीणों ने एक बार फिर वन विभाग से गुहार लगाई है कि बंदरों से निजात दिलाने के लिए स्थायी समाधान खोजा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर झुंडों में आकर खेतों, बागों और घरों में घुसपैठ कर न केवल फसलें नष्ट कर रहे हैं, बल्कि लोगों को भयभीत भी कर रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि महिलाएं और बुजुर्ग खेतों में जाने से डरने लगे हैं। कई बार बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान तक उठा ले जाते हैं, जिससे ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता और गहरा गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि गांव में एक बार फिर विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई की जाए। साथ ही, दीर्घकालिक समाधान के तौर पर बायो-फेंसिंग, ट्रैपिंग और यदि संभव हो तो बंदरों के पुनर्वास जैसी योजनाओं पर भी गंभीरता से विचार किया जाए। लोगों का कहना है कि केवल अस्थायी उपायों से समस्या का समाधान नहीं होगा; जब तक स्थायी समाधान नहीं खोजा जाता, तब तक मान्दरा गांव के लोग चौन की सांस नहीं ले पाएंगे।

# युवाओं ने जाना श्रीनगर में स्थापित प्राचीन मंदिरों का इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल वॉक्स के अध्याय-3 के अंतर्गत शहरवासियों को ब्राह्मण मोहल्ला स्थित मंदिरों की ऐतिहासिकता पौराणिकता की जानकारी दी गयी। रविवार को गढ़वाल वाक्स के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन हनुमान मंदिर से की गई। मौके पर युवाओं ने श्रीनगर के प्राचीन मंदिर के इतिहास के बारे में बताया। इस मौके पर इतिहासविद् कमल सिंह रावत व संस्कृतिकर्मी अभिषेक बहुगुणा ने बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर को 18वीं शताब्दी में राजस्थानी शैली में निर्मित किया गया था।बताया कि 1894 की आपदा के समय इसे मूल स्थान से उठाकर नये श्रीनगर में स्थापित किया गया। शहर के प्रतिष्ठित गैरोला परिवार ने गैरोला मठ में इसकी स्थापना के लिए जगह दी थी। रावत ने बताया कि गैरोला मठ



की दीवारों पर अंकित तिथि के अनुसार इसकी स्थापना 1905 में की गयी थी। गैरोला परिवार द्वारा निर्मित इस मंदिर का निर्माण भी पुराने श्रीनगर से लाए गए पत्थरों से किया गया था। ये मंदिर भी त्रिरथ शैली में है लेकिन किसी व्यक्ति विशेष की स्मृति में निर्मित होने के कारण यहां ज्यादा नक्काशी या प्रतिमाएं नहीं बनाई गयी हैं। इसके बाद अगले पड़ाव चुन्या मुन्या भैरव मंदिर पहुँचे। रावत ने बताया कि पूर्व में इसे गोरखनाथ अखाड़ा के नाम से जाना जाता था। यह स्थल सत्यनाथी संप्रदाय के साधुओं का विश्राम स्थल रहा है और आज भी साधुओं के लिए भोजन व ठहरने की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह मंदिर अलकनंदा नदी के किनारे केदार मोहल्ला, कमलेश्वर क्षेत्र में दबा हुआ मिला था।

मान्यता है कि उस समय के नाथ संप्रदाय के महंत को स्वप्न में भैरवनाथ जी ने दर्शन देकर स्थान का संकेत दिया जहाँ वे समाधिस्थ थे। बताया कि इसका वर्णन स्कंद पुराण के केदारखंड में भी आया है। मान्यता है कि यहां पूजा करने से कालसर्प दोष का निवारण होता है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने गढ़वाल वॉक्स को एक प्रशंसनीय पहल बताया, जो नई पीढ़ी को शहर के समृद्ध इतिहास से जोड़ रही है। संयोजक प्रिंस गिरि ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को गढ़वाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ते हुए उन्हें समृद्ध अनुभव देना है। कार्यक्रम का संचालन पंकज नैथानी ने किया। इस मौके पर गढ़वाल विश्वविद्यालय, पर्यटन विभाग से डॉ. सर्वेश उनियाल, अजीम प्रेमजी संस्था से प्रदीप अंथवाल, सतीश बलोनी, सागर मंमगाईं, सिद्धार्थ, आयुष सेमवाल आदि मौजूद थे।

# शांति और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ पंचायत चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला टिहरी गढ़वाल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की मतदान और मतगणना प्रक्रिया सफलता, पारदर्शिता और शांति के साथ पूरी हो चुकी है। यह पूरी प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल के नेतृत्व में संचालित की गई,

जिसमें प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।जनपद के सभी विकासखंडों में मतदाताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और उसके बाद मतगणना प्रक्रिया को भी व्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से अंजाम दिया गया। अब तक की मतगणना के बाद प्राप्त सभी परिणामों को उच्च स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के तहत संरक्षित किया गया है।

विकासखंड चंबा, देवप्रयाग, थौलधार, जौनपुर, जाखणीधार, भिलंगना, प्रतापनगर और कीर्तिनगर के मतगणना परिणामों को नई टिहरी स्थित मुख्य कोषागार में डबल लॉक व्यवस्था के तहत सील कर सुरक्षित रखा गया है।

वहीं, विकासखंड नरेंद्रनगर के परिणामों को नरेन्द्रनगर स्थित कोषागार में डबल लॉक प्रणाली के अंतर्गत रखा गया है।

प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि मतगणना से संबंधित समस्त दस्तावेज और परिणाम पूर्णतः सुरक्षित रहें और किसी भी प्रकार की शंका या अनियमितता की गुंजा. इश न हो। निर्वाचन से जुड़ी समस्त गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखते हुए संपूर्ण प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया गया, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## एक नजर .......

### इको पार्क और ईको हट में अब शुल्क भुगतान के लिए नकदी की परेशानी से नहीं जूझना पड़ेगा




थत्यूड़। पर्यटन नगरी धनौल्टी के इको पार्क और ईको हट में अब पर्यटकों को शुल्क भुगतान के लिए नकदी की परेशानी से नहीं जूझना पड़ेगा। शुक्रवार से यहांन्त आधारित ऑनलाइन पेमेंट प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया है।इको पार्क सचिव मनोज उनियाल ने बताया कि यह सुविधा आईसीआईसीआई बैंक मसूरी शाखा की मदद से शुरू की गई है। अब पर्यटक न्च्प् और अन्य डिजिटल माध्यमों से आसानी से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि धनौल्टी में किसी भी बैंक का ।ज्ड न होने के कारण लंबे समय से पर्यटकों को भुगतान में असुविधा हो रही थी। ऑनलाइन भुगतान प्रणाली लागू होने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया योजना को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल से न सिर्फ पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि समिति के कर्मचारियों के समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

### 57अभ्यर्थियों ने दी सहायक कमांडेंट की लिखित परीक्षा

श्रीनगर। रविवार को बालिका इंटर कालेज श्रीनगर में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) की लिखित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि दोनों पालियों में पंजीकृत 143 अभ्यर्थियों में से 56 अभ्यर्थियों परीक्षा में सम्मलित हुए। 87 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। बताया कि दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाई गई।

### श्रीनगर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

**श्रीनगर।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रविवार को श्रीनगर के आठ परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी में उक्त परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा कज दौरान डिप्टी एसपी दूरसंचार अनूप काला, सीओ सदर श्रीनगर अनुज कुमार और कोतवली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। श्रीनगर कोतवली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि नगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह, राजकीय इंटर कॉलेज स्वीत, राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर के साथ ही गुरु रामराय पब्लिक स्कूल श्रीनगर, देवभूमि पब्लिक स्कूल बिलकेदार नकोट, भगवती मेमोरियल, विद्या मंदिर श्रीकोट और आइरिश पब्लिक स्कूल श्रीकोट परीक्षा केंद्र में सचबह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक की पाली में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। बताया कि आठ परीक्षा केंद्रों में 2120 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1967 अभ्यर्थियों परीक्षा में सम्मलित हुए। 153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

### विद्यार्थी संसद का किया गया चयन

**कोटद्वार।** नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक में विद्यार्थी संसद का गठन किया गया। जिसमें मानव व तमन्ना को छात्र हेड की जिम्मेदारी दी गई। इस संबध में विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीलम नेगी, स्कूल प्रशासक अर्पिता नेगी व समस्त विद्यालय स्टाफ सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति में विद्यार्थी संसद का चयन किया गया। जिसमें मानस को हेड ब्वॉय, तमन्ना को हेड गर्ल, दिव्यदर्शनी व लक्की नेगी को स्कूल कैप्टेन, साक्षी, अरमान, अनामिका व आयुष को डिसिप्लिन हेड, तनु, प्रिया, मयंक व प्रियांशु को कल्चरल हेड व अभिषेक व इशिका को स्पोर्टस कैप्टेन बनाया गया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाने के साथ ही जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, 926 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी** में चार केंद्रों पर हुई लिखित परीक्षा, सख्त निगरानी में सम्पन्न कराई गई प्रक्रिया सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई आरक्षी जनपदीय एवं पीएसी/आईआरबी भर्ती परीक्षा

नई टिहरी। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, रायपुर देहरादून के तत्वावधान में रविवार 03 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरुष) एवं आरक्षी पीएसी/आईआरबी (पुरुष) पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा जनपद टिहरी गढ़वाल के चार परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

लिखित परीक्षा के लिए कुल 983 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 926 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 57 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त प्रबंध किए गए थे।परीक्षा का आयोजन जिले के जीजीआईसी नई टिहरी, प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई टिहरी और इंटरनेशनल स्कूल पैन्यूला, नई टिहरी में किया गया।

# जौनपुर ब्लॉक प्रमुख पद को लेकर जोड़तोड़ तेज

**थत्यूड़, नैनबाग और सकलाना के बीच खिंची सियासी रेखाएं, प्रमुख पद पर कब्जे की होड़, महिला ओबीसी सीट घोषित होते ही बढ़ी हलचल, भाजपा-कांग्रेस में भी मंथन तेज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड जौनपुर में ब्लॉक प्रमुख पद को लेकर राजनी. तिक खींचतान और जोड़तोड़ की गतिविधियां तेज हो गई हैं। क्षेत्र पंचायत जौनपुर के कुल 40 वार्ड सदस्यों में से 19 सदस्य थत्यूड़ क्षेत्र से हैं, 14 सदस्य नैनबाग से और 7 सदस्य सकलाना क्षेत्र से आते हैं। परंपरागत रूप से अब तक थत्यूड़ क्षेत्र का वर्चस्व इस पद पर रहा है, लेकिन इस बार समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं।

नैनबाग क्षेत्र के नेता प्रमुख पद को अपने पक्ष में करने के लिए विशेष रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। जीते हुए बीडीसी सदस्यों को अपने पक्ष में लाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।

दोनों ओर से संवाद, मुलाकातें और आश्वासन की राजनीति जोरों पर है। इस रस्साकशी के बीच भाजपा और कांग्रेस ने भी प्रमुख पद को अपने कब्जे में लेने के लिए रणनीतिक बैठकें शुरू कर दी हैं। दोनों दलों के नेता संभावित उम्मीदवारों को समर्थन देने और ब्लॉक के भीतर समीकरण साधने में जुटे हैं।जौनपुर ब्लॉक में इस बार प्रमुख पद महिला अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित घोषित किया गया है, जिससे सियासी समीकरण और भी दिलचस्प हो गए हैं। प्रमुख पद के लिए अभी तक जिन नामों की चर्चा है,

उनमें जयद्वार से मंजू देवी, अग्यारना से रेखा रावत और फिड़ोगी से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सीता रावत के नाम प्रमुख रूप से सामने आए हैं। ये सभी महिलाएं स्थानीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं और अब प्रमुख पद की दौड़ में एक बार फिर से दावेदारी पेश कर रही हैं।हालांकि अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है और अन्य क्षेत्रों से भी दावेदार सामने आने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

थत्यूड़, नैनबाग और सकलाना तीनों क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरण लगातार बदल रहे हैं और समीकरणों को साधने के लिए नए गठजोड़ बनते दिख रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आगामी दिनों में किस क्षेत्र और किस उम्मीदवार को बहुमत का समर्थन प्राप्त होता है।

# कैद हुए गुलदार के नमूनों को फॉरेन्सिक होगी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत गौशाला के समीप लगाये गये पिंजरे में कैद हुए नर गुलदार के नमूने जाँच के लिए फॉरेन्सिक लैब भेजे जाएंगे। वहीं, वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में अकेले या अँधेरे में नहीं जाये। क्षेत्र में अन्य गुलदार की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पिछले कुछ दिनों से श्रीनगर नगर निगम के गंगा दर्शन और गौशाला के आसपास गुलदार के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। यहाँ गुलदार तीन लोगों पर हमला भी कर चुका है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी भय और असुरक्षा का माहौल था। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों पर गुलदार की बढ़ती सक्रियता और हमलों की बढ़ती घटनाओं के बाद वन विभाग ने गौशाला क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। लगातार निगरानी और प्रयासों के बाद शनिवार सुबह यह गुलदार पिंजरे में फंस गया। गुलदार के पकड़ में आने की खबर से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन वन विभाग ने अभी भी सतर्कता बरतने की अपील की है। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने कहा कि गुलदार पकड़े जाने के बावजूद लोग अभी भी सतर्कता बरतें। सुबह-शाम की वॉक या अन्य किसी गतिविधि के दौरान अकेले न निकलें और विशेषकर अंधेरे वाले क्षेत्रों से बचें। विभाग का कहना है कि गुलदार को पकड़ लिया गया है, लेकिन यह जांच का विषय है कि वह बार-बार मानव बस्तियों की ओर क्यों आ रहा था। बताया कि पिंजरे में कैद हुआ गुलदार पांच साल का नर है। पौड़ी में वन्यजीव विशेषज्ञ और डॉक्टरों की टीम उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। बताया कि विशेषज्ञ यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि गुलदार के हमलावर व्यवहार के पीछे कोई चोट, बीमारी या कोई अन्य कारण तो नहीं है। यदि गुलदार की हालत सामान्य पायी जाती है, तो उसे उसके प्राकृतिक आवास में शिफ्ट किया जाएगा, अन्यथा उसकी विशेष निगरानी की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि वन विभाग के अनुरोध पर गुलदार के रक्त, नेल स्क्रैपिंग व हेयर फॉलिकल्स के नमूने लिए गये हैं। इन नमूनों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

# बच्चों ने वीर सैनिकों के लिए बनाई राखियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन।** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन के छात्र-छात्राओं ने रक्षा बंधन के पावन पर्व पर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों को समर्पित सुंदर राखियां और शुभकामना कार्ड बनाए। यह कार्यक्रम विद्यालय की कला अध्यापिका कल्पना जदली के मार्ग दर्शन में शनिवार को आयोजित किया गया।

राखियां और संदेश कार्ड जीआरआरसी की विभिन्न यूनिटों के माध्यम से सीमा पर तैनात वीर सैनिकों को भेजे जायेंगे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंद्रियाल ने कहा कि रक्षा बंधन न केवल भाई बहन के पावन रिश्ते का प्रतीक है अपितु यह उन सैनिकों के प्रति भी हमारी भावनात्मक सुरक्षा भावना को व्यक्त करती है जो परिवार से दूर रहकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने भी बच्चों के इस भावनात्मक प्रयास की प्रशंसा की।

# सीएम के निर्देशानुसार नंदा देवी राजजात की समीक्षा बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में रविवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव कुरुड़ का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों पर विचार विमर्श कर चर्चा की। इस दौरान गांव के प्रवेश द्वार पर महिलाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी का पारंपरिक स्वागत किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नंदा देवी राजराजेश्वरी सिद्धपीठ मंदिर में पूजा.अर्चना कर समस्त ग्रामवासियों के सुख.समृद्धि एवं यात्रा की सफल सम्पन्नता की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक हरेंद्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत कर कुरुड़



मंदिर समिति की ओर से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि राजजात का शुभारम्भ कुरुड़ से किया जाएएनंदा देवी राजजात को ष् नंदा देवी बड़ीजातष् के रूप में मान्यता दी जाएए कुरुड़ को राज्य के पर्यटन मानचित्र में स्थान दिया जाए तथा सभी पड़ावों को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए।

इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामवासियों की सभी मांगों का संज्ञान लेते हुए शासन को पत्र प्रेषित किये जाने के साथ ही सचिव पर्यटन महोदय को अवगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि नंदा देवी राजजात यात्रा की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि आने वाले श्रद्धालु प्रदेश एवं जनपद की सकारात्मक छवि अपने साथ लेकर जाएं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का आंकलन करें और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर पार्किंग स्थल का चिन्हिकरण एमंदिर सौंदरीकरणएपैदल रास्तों का सुधारए विश्राम गृहों का निर्माणए शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्थाए सुरक्षात्मक कार्यों और नाली निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएए ताकि 2026 में आयोजित होने वाली प्रमुख नंदा देवी राजजात के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर जन प्रतिनिधि दलवीर दानू ने कहा कि नंदा देवी राजजात के आयोजन हेतु एक ष्अम्ब्रेला समितिष् का गठन किया जाएए जिसमें सभी संबंधित मंदिर समितियां शामिल हो। साथ ही कुरुड़ क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र में स्थान देने की बात कही। उन्होंने कहा माँ नंदा देवी की इस पवित्र यात्रा में प्रशासन और आम. जनता का सहयोग आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठीए जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़एअधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी एवं अन्य विभागीय अधिकारी के साथ अध्यक्ष मंदिर समिति कुरुड़ सुखवीर रौतेलाए नरेश गौड़ए कृपाल सिंहए प्रकाश गौडए दौलत सिंह विष्टए महेंद्र नेगी सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से प्रवीण पुरोहित होंगे थराली ब्लॉक प्रमुख पद के उम्मीदवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** / त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हो गए हैं अब भाजपा और कांग्रेस दोनो ही दलों की नजर थराली ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर टिकी है इसके लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनाने की कवायद में फिलहाल पार्टी जुटी हुई है वहीं कांग्रेस ने अपने नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनाकर थराली ब्लॉक प्रमुख पद पर प्रवीण पुरोहित के पक्ष में समर्थन जुटाने का दावा किया है रविवार को कुलसारी के एक निजी होटल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद रावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से कुलसारी क्षेत्र पंचायत सीट से विजयी हुए



प्रवीण पुरोहित को पार्टी ने ब्लॉक प्रमुख पद का प्रत्याशी अधिकृत किया है और उनके समर्थन के लिए कांग्रेस पृष्ठभूमि के जीते हुए सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एकजुट हैं वहीं कांग्रेस नेता नवनीत रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से हुई बातचीत के बाद उन्होंने अपने सम्पर्क के 6 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए प्रवीण पुरोहित को समर्थन दिया है वहीं कांग्रेस की ओर से ब्लॉक प्रमुख पद के प्रत्याशी प्रवीण पुरो. हत ने कहा कि वे कांग्रेस की ओर से ब्लॉक प्रमुख पद की दावेदारी कर रहे हैं साथ ही नवनीत रावत को ज्येष्ठ प्रमुख के पद पर दावेदारी करायी जाएगी उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख बनने के लिए उनके पास पर्याप्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों का समर्थन है।



## जोशी ने दून आगमन पर किया केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत का स्वागत

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का उत्तराखण्ड आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्राी गजेंद्र सिंह शेखावत रक्षाबंधन समारोह 2025 में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने के लिए देहरादून पहुंचे ।

# पुलिस व एसटीएफ ने किया अवैध कैसीनो का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन में जंगल में चल रहे एक अवैध कैसीनो का पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ को ग्राम सलियावाला स्थिति जंगल के मध्य बने एक मकान में अवैध गतिविधियों के संचालित होने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई, प्राप्त सूचना पर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस उपाधीक्षक प्रेम नगर रीना राठौर के नेतृत्व में दून पुलिस के एसओ प्रेमनगर कुंदन राम आर्य, एवं चौकी प्रभारी झाझरा अमित शर्मा, चौकी प्रभारी विधोली प्रवीण सैनी सहित एसटीएफ इंस्पेक्टर विपिन बहुगुणा एवं यादवेंद्र बाजवा की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया।

कैसिनो की सूचना पर एसएसपी देहरादून के निर्देशो पर क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई थी। गठित पुलिस टीम द्वारा शनिवार की मध्य रात्रि ग्राम सलियावाला स्थित मकान में दबिश दी गई, जहाँ पुलिस टीम को मकान के एक बड़े कमरे में कैसिनो चलता हुआ मिला, जहाँ मौजूद लोगों द्वारा कैसिनो में कॉइन्स के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेला जा रहा था। मौके से पुलिस टीम द्वारा 12 व्यक्तियों को जुआ अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 1900 कैसिनो कॉइन्स, 02 ताश की गड्डी, 89700 रुपये नगद, 12 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों के बैंक खातों की जानकारी की जा रही है।

## पूछताछ का विवरण

पूछताछ में दिल्ली से आये अभियुक्त गणों द्वारा बताया गया कि वह लोग पहली बार देहरादून आये है। उनको कैसिनो में जुआ खेलने का शौक है, जिसके लिये वह अलग- अलग राज्यों में आया जाया करते है। वे सभी देहरादून निवासी शशांक (मकान मालिक), उमेश रावत व विक्रम शाह व अन्य लोगों के संपर्क में थे, जिनसे बात करके अभियुक्त द्वारा देहरादून में आकर कसीनो में जुआ खेलने की योजना बनायी। अभियुक्त जुए में ज्यादा नकदी अपने पास नही रखते है, किसी एक व्यक्ति के जुबान पर ही रुपयों के लेन देन की बात हो जाती है तथा जीतने वाले व्यक्ति को रुपये देने की जिम्मेदारी उक्त व्यक्ति की ही होती है। मकान मालिक व देहरादून निवासी अन्य व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि दिल्ली से आये व्यक्ति उनके दोस्त है, जिनको उनके द्वारा पहली बार देहरादून बुलाया गया था।



■ पुलिस ने जुआरियों, मकान स्वामी सहित 12 लोगों को किया गिरफ्तार ■ सलियावाला जंगल के मकान में अवैध रूप से चल रहा था कैसीनो ■ कसीनो में जुआ खेलने पहली बार दिल्ली से धोलाश पहुंचे थे अभियुक्त ■ 1900 कैसीनो कॉइन, 89 हजार रुपये नकद व 12 मोबाइल बरामद

## ये अभियुक्त पकड़े गए मौके पर

कैसिनो में जुआ शुरू ही हुआ था पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस दबिश में प्रकाश में आया एक अन्य अभियुक्त विक्रम शाह मौके पर मौजूद नही मिला, जिसके विरुद्ध विवेचना में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। लेकिन जो मौके पर मौजूद मिले उनको पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। जिसमें 1- शशांक गुप्ता हरियाणा, 2- निखिल दिल्ली 3- गौरव मग्गो न्यू दिल्ली, 4- हिमांशु अरोड़ा नई दिल्ली, 5- उमेश रावत प्रेमनगर देहरादून, 6- चन्द्रशेखर विकासनगर देहरादून, 7- जतिन राणा थाना त्यूणी, 8- मनोहर सिंह चौहान थाना त्यूणी, 9- चरण सिंह चौहान चकराता त्यूणी, 10- विनोद पुरोला, 11- जीवन शर्मा थाना कोतवाली, देहरादून, 12- केशव उर्फ बबलू सिंह धामी नेपाल।



# दून लाइब्रेरी में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून मॉडर्न लाइब्रेरी के ऑडिटोरियम में साहित्यिक संस्था अहल-ए-सुखन के तत्वावधान में एक मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या की अध्यक्षता तस्मिया एकेडमी के संस्थापक और प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. फारूक ने की, जबकि उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अलोक बी. लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहित्य और कविता की विरासत को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध शायर जनाब शादाब मशहदी ने बेहद खूबसूरती से किया। मुशायरे में जिन प्रतिष्ठित कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, उनमें शामिल थे। नदीम अनवर, जावेद आसी, चाँद देवबंदी, नफीस अहमद नफीस, राजवीर सिंह राज, इकबाल आजर, मोनिका मनसा, दर्द गढ़वाली, अफसी और इम्तियाज कुरैशी। श्रोताओं ने उनकी कविताओं और शेरो-शायरी को भरपूर सराहा और बार-बार हॉल तालियों से गूंजता रहा। अहल-ए-सुखन के संस्थापक राजकुमार राज ने इस सफल आयोजन का श्रेय अपनी सक्रिय और मेहनती टीम गौरव साथी, अविरल, हरिंदर मंझा, अनहद और अमन रतौरी को दिया, जिनकी सतत मेहनत और सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट -2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 394वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में रविवार को आंदोलन के 394 वें दिन डीडीहाट के नारायण नगर स्थित नारायण स्वामी आश्रम परिसर में आश्रम के व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे के साथ एक पौधा धरती मां के नाम के तहत विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे ने कहा कि पौधारोपण आंदोलन भविष्य में एक नजीर बनेगा। कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर नारायण आश्रम की जानकारी दी। और कहा कि एक बार इस आश्रम के भी जिसे पूज्य नारायण स्वामी जी ने बनवाया आकर प्रकृति का आनंद उठाएं।

# पत्नी पर तान देता था बंदूक, पति का लाइसेंस किया निलंबित

### जिलाधिकारी सविन बसंल ने पति का शस्त्र भी जब्त किया, होगा निरस्त



■ कूटरचित दस्तावेजों से शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने की भी शिकायत

## छोटी-छोटी बात पर तान देता था बंदूक

जिलाधिकारी ने पीड़ित पत्नी की शिकायत और तथ्यों के आधार पर यश यादव पुत्र रविन्द्र सिंह यादव, निवासी मोहल्ला बंसी गौरा, मैनपुरी, थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी हाल निवासी चौ० भूपसिंह कोल्ड स्टोरेज प्रा०लि० कुरावली रोड मैनपुरी उ०प्र० को स्वीकृत शस्त्र लाइसेंस संख्या-311/थाना नेहरू कॉलोनी, देहरादून, एन.पी. बोर. रिवाल्वर , पिस्टल UIN 336261002327282019 को जनहित के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा थानाध्यक्ष थाना नेहरू कॉलोनी को निर्देशित किया है कि वह विपक्षी का शस्त्र राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करते हुए पुलिस अभिरक्षा में रखे।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पति अपनी पत्नी पर बात-2 में तान देता था बंदूक, डीएम सविन बंसल के सम्मुख दुखियारी पत्नी ने 1 अगस्त को गुहार लगाई थी, जिस पर डीएम ने संबंधित का लाइसेंस निलंबित करते हुए शस्त्र जब्त करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं। त्वरित एक्शन अब जिला प्रशासन देहराद.ून का स्वभाव बन गया है। जिला प्रशासन ने लाइसेंस निलंबित करते हुए शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कूटरचित दस्तावेजों से शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने की भी है शिकायत पर अब लाइसेंस निरस्तीकरण किया जाएगा।

जिलाधिकारी सविन बंसल के सम्मुख शिखा ने प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उसका पति यश यादव द्वारा उनको आये दिन डराया एवं धमकाता है। दहेज की मांग करता शस्त्र से डराता है, महिला मानसिक दबाव की स्थिति है। लोक शान्ति, पारिवारिक सुरक्षा की व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने अनुज्ञप्तिधारी के शस्त्र लाइसेंस सं०-सं0-311/ थाना नेहरू कॉलोनी, देहरादून निलंबित कर दिया है।

जिन शर्तो के अधीन लाइसेंस प्रदान किया गया था, उसका उनके द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है, जो आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17(3) (क) और (ख) तथा आयुध नियम, 2016 के नियम 2016 के नियम 32(3) व (4) का उल्लंघन है पर यह कार्यवाही की गई है। विपक्षी को आदेश के सापेक्ष अपना पक्ष 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। इस आशय का नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न शस्त्र लाइसेंस को अन्तिम तौर पर निरस्त कर दिया जाये।

# वीर माधो सिंह भंडारी सामूहिक सहकारी खेती योजना का शुभारंभ

### सहकारिता मंत्री ने कहा, बंजर भूमि में फूलेगी खुशहाली, योजना को विभाग की अभिनव पहल बताया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों की बंजर भूमि अब आत्मनिर्भरता और सामूहिक प्रगति की मिसाल बनेगी। रविवार को पाबौं क्षेत्र में सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वीर माधो सिंह भंडारी सामूहिक सहकारी खेती योजना का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने किसानों के साथ खेतों में उतरकर फूलों के बीज रोपण कर साझा खेती की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर आकार दिया।

करीब 170 नाली भूमि पर विकसित की जा रही यह परियोजना, उत्तराखंड के बंजर खेतों को आबाद करने का आदर्श मॉडल बनकर उभर रही है। यहां मिलेट्स (मोटे अनाज) और फूलों की खेती की जाएगी, जिससे न केवल भूमि का पुनर्जीवन होगा, बल्कि स्थानीय किसानों को आय का नया जरिया भी मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को एक क्लस्टर मॉडल में



संगठित कर सामूहिक खेती की जा रही है। निरीक्षण के दौरान खेतों में किसानों का उत्साह, सहभागिता और सहयोग की भावना देखते ही बनती थी। खेतों में बीज रोपण करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि "वीर माधो सिंह भंडारी सहकारी खेती उत्तराखंड के ग्रामीण अंचलों में बंजर भूमि के सदुपयोग, पारंपरिक खेती के आधुनिकीकरण, लागत में कमी और किसानों की आय में वृद्धि की दिशा में एक निर्णायक पहल है।" यह योजना उत्तराखंड के सहकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही बंजर खेतों को आबाद करने की विशेष मुहिम का हिस्सा है। इसमें ग्रामीणों से बंजर भूमि को क्लस्टर के रूप में लेकर उस पर आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से खेती कराई जाती है। सामूहिकता और नवाचार का यह संगम राज्य के कृषि परिदृश्य को नया आकार देने में सक्षम है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय किसानों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को भी समझा गया ताकि भविष्य में योजनाएं और भी अधिक व्यावहारिक एवं उपयोगी बनाई जा सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह रावत, विधायक प्रतिनिधि गुलाब सिंह, नरेंद्र टम्टा, हरेंद्र कोहली, दिगंबर सिंह, सहका. रिता विभाग के जिला सहायक निबंधक पान सिंह राणा व सहकारी बैंक महाप्रबंधक संदीप रावत उपस्थित रहे।

## ढाई किलो चरस पकड़ी

**बागेश्वर।** पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत ढाई किलो से अधिक चरस पकड़ी है। मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने बताया कि कपकोट पुलिस ने शामा बैंड के समीप से चंचल सिह पुत्र मान सिह निवासी झूनी थाना कपकोट उम्र 38 वर्ष के कब्जे से 0.903 किलोग्राम, लोकपाल सिह पुत्र उत्तम सिह निवासी उपरोक्त उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 0.804 किलोग्राम और विक्रम सिह पुत्र चामू सिह निवासी उपरोक्त उम्र 32 वर्ष के कब्जे से 0.804 किलोग्राम समेत कुल 02.511 किलोग्राम चरस बरामद की। आरोपी वाहन संख्या यूके 02 टीए 2854 में चरस लेकर आ रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ धारा- 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने का अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 2500 रूपये की नगद धनराशी से पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# मलबा आने से यातायात बाधित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरकती पहाड़ी से मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आ गए। जिससे एनएच पर वाहनों की रफ्तार थम गई। जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा।

प्रशासन की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह वाहनों के लिए यातायात सुचारू कराया। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब डेंजर जोन परेशानियों का सबब बना हुआ है।



अब रविवार को यहां सुबह करीब साढ़े नौ बजे पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। पहाड़ी दरकने से एनएच पर भारी मात्रा में मलबा आ गया। मलबा आने स मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई। यातायात बाधित होने से देखते ही देखते दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पहाड़ से मैदान और मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ आने वाले यात्री जाम में फंस गए।

रोडवेज, केएमओयू समेत कई टैक्सी वाहनों के फंसने से यात्रियों को फजीहत झेलनी पड़ी। जिसके बाद एनएच पर आए मलबे को जेसीबी मशीन से हटाया गया। मलबा हटाने और सड़क चौड़ी करने के बाद अपराह्न करीब डेढ़ बजे मार्ग पर यातायात सूचारू हो सका। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## निवर्तमान महिला प्रधान की आपत्तिजनक फोटो वायरल

**अल्मोड़ा।** हवालबाग के गोविंदपुर क्षेत्र के एक निवर्तमान महिला ग्राम प्रधान की आपत्तिजनकफोटो सोशल मीडिया में वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक दंत चिकित्सक, शिक्षिका और टैक्सी चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मामला सामने आने के बाद आरोपी डाक्टर फरार चल रहा है। मिली जानकारी अनुसार गोविंदपुर क्षेत्र निवासी एक महिला की कुछ आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दी गई। जिसके बाद इलाके में बवाल खड़ा हो गया। महिला निवर्तमान ग्राम प्रधान हैं। महिला का आरोप है कुछ लोगों ने उसे बदनाम करने व षड़यंत्र के तहत उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल की है। इस मामले में मोहम्मद सैफ नाम के एक दंत चिकित्सक पर संलिप्त होने के आरोप लगे है। आरोपी डाक्टर पिछले दो साल से अधिक समय से गोविंदपुर में अपना निजी क्लिनिक संचालित करता है। शुक्रवार को जब इस बात की भनक महिला के पति को लगी तो उसने कुछ ग्रामीणों के साथ क्लीनिक पहुंचकर डाक्टर के साथ मारपीट कर दी।

# 15 हजार से अधिक बहनों ने जोशी को बांधी राखी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मसूरी विधानसभा क्षेत्र की 15 हजार से अधिक बहनों ने कैबिनेट मंत्री जोशी को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और कुशल नेतृत्व की कामना की।

■ समारोह में केंद्रीय मंत्री शेखावत और मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल ■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने भावुक होकर कहा, "मैं केवल मंत्री नहीं, एक भाई भी हूं

कार्यक्रम में भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की धर्मपत्नी ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गढ़वाली, कुमाऊनी और नेपाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। वीर नारियों और मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति समारोह का विशेष आकर्षण रही। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रक्षाबंधन को अपने जीवन का सबसे आत्मीय और भावनात्मक दिन बताया। उन्होंने कहा, "रक्षाबंधन मेरे लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक ऐसा दिन है जब मैं अपने आपको एक मंत्री नहीं, बल्कि एक भाई, बेटा और परिवार का जिम्मेदार सदस्य मानता हूं। उन्होंने कहा कि विगत 17 वर्षों से मसूरी विधानसभा क्षेत्र की हजारों बहनें उन्हें राखी बांध रही हैं और यह परंपरा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 'हर घर नल' योजना के अंतर्गत किए गए कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रभावशाली प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ऐसे पिता और भारतीय जनता पार्टी जैसा परिवार मिला जिसने मुझे राष्ट्रसेवा का अवसर दिया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की धर्म पत्नी निर्मला जोशी, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, ज्योति कोटिया, नंदनी शर्मा सहित हजारों की संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।



## वर्ष 2015 से उन्होंने 13,000 बहनों का बीमा स्वयं के व्यक्तिगत खर्च पर कराया

**देहरादून।** मंत्री जोशी ने यह भी कहा कि वर्ष 2015 से उन्होंने 13,000 बहनों का बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत स्वयं के व्यक्तिगत खर्च पर कराया है। बीमा की वार्षिक किश्त भी वे अपने निजी खाते से वहन करते हैं, ताकि रक्षाबंधन केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि वास्तविक सुरक्षा कवच बन सके। उन्होंने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उनके सुख-दुख में हमेशा साथ रहने का आश्वासन दिया।

# आपदा कर्मचारी को बदमाशों ने मारी गोली

### हालत गंभीर, चिकित्सकों ने हायर सेंटर किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बिशनपुर के नजदीक आपदा कर्मचारी को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर फरार हो गए। राहगीरों की मदद से कर्मचारी को जगजीतपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गम्भीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पथरी पुलिस ने मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।

शनिवार की देर रात बिशनपुर में आपदा चौकी पर जाते हुए एक कर्मचारी शिवम पुत्र पुष्पेन्द्र निवासी श्यामपुर कांगड़ी को बिशनपुर के नजदीक अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गये राहगीरों की मदद से घायल कर्मचारी को जगजीतपुर के नजदीक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पथरी पुलिस ने घटना का जायजा लिया और मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।



पथरी थाना प्रभारी मनोज नोटियान ने बताया कि आपदा कर्मचारी शिवम पुत्र पुष्पेंद्र निवासी श्यामपुर आपदा चौकी बिशनपुर ड्यूटी पर जा रहा था रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। घटना स्थल पर लगे सीसी टीवी फुटेज खगाले जा रहे है। पीड़ित की ओर से अभी तहरीर नहीं आई तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### एक बार फिर आंदोलन की तैयारी में जुटा उत्तराखंड क्रांति दल

# अब राज्य बचाने के लिए करना होगा आंदोलनः दिवाकर भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला उत्तराखंड क्रांति दल एक बार फिर सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और राज्य आंदोलन में फील्ड मार्शल की उपाधी पाने वाले दिवाकर भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने के लिए यूकेडी ने आंदोलन किया और अनेक कुर्बानियों के बाद उत्तराखंड राज्य वजूद में आया। अब राज्य बचाने को लेकर आंदोलन करना पड़ेगा। तरूण हिमायल में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए दिवाकर भट्ट ने कहा कि अलग राज्य को लेकर लोगों की जो आकांक्षाएं थी वह पूरी नहीं हो पायी हैं। भट्ट ने कहा कि पहले राज्य के लोगों को जागरूक किया जाएगा और उसके बाद आंदोलन की तैयारी की जाएगी। दिवाकर



भट्ट ने कहा कि आंदोलन में भूख हड़ताल, हड़ताल या फिर किस तरह की रूपरेखा अपनायी जाएगी यह पार्टी तय करेंगी।

दिवाकर भट्ट ने कहा कि राज्य से पलायन की स्थिति चिंताजनक है। सैकड़ों गांवों को शहरी क्षेत्र में लाना पड़ा है। रोजगार के साधन नहीं होने से पढ़ा लिखा युवा राज्य से पलायन कर रहा है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। जल जंगल जमीन बचाने के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अनेक उत्पाद होने के बाद भी सही तरीके से प्रदेश के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। बिजली पानी से ही राज्य की प्रगति बढ़ायी जा सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी बेहद खराब है। गरीब ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। स्कूल बंद हो रहे हैं। ऊर्जा प्रदेश होने के बाद भी बिजली महंगी है। स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का शोषण किया जा रहा है। सरकारों पर राज्य के विकास के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए दिवाकर भट्ट ने कहा कि 25 वर्ष बाद भी पलायन नहीं रोका जा सका है। क्या ऐसे राज्य की कल्पना आंदोलनकारियों ने की थी। इस अवसर पर रविन्द्र वशिष्ठ, मोहन सिंह असवाल, ललित बिष्ट, सुरेन्द्र भंडारी, करन सिंह बर्त्वाल, कुंवर सिंह राणा, जयप्रकाश उपाध्याय, देवचंद उत्तराखण्डी, विजेन्द्र सिंह रावत, बिहारीलाल जगोढ़ी, जसवंत सिंह बिष्ट, गोकुल सिंह रावत, रवि जैन, किरण कश्यप आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों ने किया शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन व कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से कोतवाली रोड़ स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्तम्भ पार्क में शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व स्वतंत्रता सेनानी स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी मुकेश त्यागी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन अन्याय और शोषण जहां भी हो उसके खिलाफ डटकर मुकाबला करने की शिक्षा देता है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी राजन कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में हरिद्वार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और 1942 के आंदोलन में शहीद जगदीश वत्स ने हंसते हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। पार्षद हिमांशु गुप्ता और सोहित सेठी ने भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तम्भ को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बालकिशन कोरी, अरुण शर्मा, सचिंद्र गिरी, प्रतिभा रोहिल्ला, रीता गुलाटी, विकास कंबोज, तरुण बेरी, खेमपाल, किशनपाल गाजी वाले, पंकज कोरी, आशु सिंह, करण राणा, पंकज शर्मा, रीता गुलाटी, रोहित शेट्टी, सुनीता त्यागी, पंकज शर्मा, दिनेश कुमार, खुशीराम शर्मा, उत्तम कुमार, संजय कुमार, विनोद जैन, संदीप अरोड़ा, रविंद्र नरूला, आशीष प्रधान आदि शामिल रहे।

# विष्णुप्रयाग बैराज से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने पर जिलाधिकारी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विष्णुप्रयाग बैराज से अलंकनंदा नदी में 70 क्यूमैक्स अतिरिक्त पानी छोड़े जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। निर्देश जारी करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि बैराज में गाद बढ़ने पर 70 क्यूमैक्स अतिरिक्त पानी छोड़े जाने पर नदी में जलस्तर 112 क्यूमैक्स से बढ़कर 182 क्यूमैक्स हो गया है। जिससे नदी के निचले हिस्सों में जल प्रवाह तेज हो सकता है और जलस्तर में अचानक वृद्धि होने की संभावना है। जल वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनता से भी नदी तटीय इलाकों में जाने से बचने, गंगा में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतने तथा निर्धारित स्थानों पर ही स्नान करने की अपील भी की है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर तत्परता एवं सुरक्षा बनाये रखते हुए आवागमन में नियंत्रण बरता जाये। किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जायें। आपदा प्रबन्धन प्रणाली के नामित समस्त अधिकारी एवं विभागीय नोडल अधिकारी हाई अलर्ट में रहेंगे। समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे। समस्त चौकी थाने भी आपदा सम्बन्धी उपकरणों एवं वायरलैस सहित हाई अलर्ट में रहेंगे। किसी भी अधिकारी कर्मचारी के मोबाईल फोन स्विच ऑफ नहीं रहेंगे। अधिकारी बरसाती, छाता, टार्च, हैलमेट तथा आवश्यक उपकरण एवं सामग्री अपने वाहनों में अपने स्तर से रखने हेतु उचित कार्यवाही करेंगे। इस अवधि में लोगों के फंसे होने की स्थिति पर खाद्य सामग्री व मेडिकल सुविधा की व्यवस्था की जायें। नगर एवं कस्बाई क्षेत्रों में नालियों एवं कलवटों के अवरोधों को दूर किया जाये।

# मुलतान जोत महोत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

### श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर दूध से खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय मुलतान संगठन और मुलतान जोत सभा के संयोजन में 115वां मुलतान जोत महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। देश भर से आए श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर मां गंगा की पूजा अर्चना कर जोत प्रवाहित की और पिचकारियों में गंगाजल और दूध भरकर एक दूसरे से होली खोली। अखिल भारतीय मुलतान संगठन के अध्यक्ष दिल्ली के पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल ने बताया कि बंटवारे से पहले साल 1911 में पाकिस्तान



के मुलतान शहर से भक्त रूपचंद ने हरकी पैड़ी तक पैदल यात्रा समाज में शांति और भाईचारे की कामना के लिए गंगा ने जोत अर्पित की थी। इसके बाद से लगातार ये परंपरा जारी है। उन्होंने बताया कि जोत महोत्सव में हर साल पंजाब, दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# पूर्व राज्यपाल एवं यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया रूद्राभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की शिव साधना निरंतर जारी है। रविवार को उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल एवं यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचकर स्वामी कैलाशानंद गिरी के सानिध्य में रूद्राभिषेक किया। पूर्व राज्यपाल एवं यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि भोलेनाथ समस्त जगत का उद्धार करते हैं। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज तपस्वी संत हैं। पूरे सावन महीने चलने वाली स्वामी कैलाशानंद गिरी की विशेष शिव साधना से पूरे देश का कल्याण होगा और विश्व में शांति का वातावरण बनेगा। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि अपने कंठ में विष धारण कर संसार की रक्षा करने वाले भगवान शिव अवश्य ही पूरे संसार का कल्याण करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल एवं यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य कुशल प्रशासक के साथ भगवान शिव की अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए सभी को



सावन में उनकी पूजा आराधना करनी चाहिए। स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि 25 दिनों से गुरूदेव प्रतिदिन 18 घंटे शिव साधना कर रहे हैं।

# ऑपरेशन कालनेमि : 5 ठोंगी बाबाओं को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोशनाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल आदेशनुसार ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अंतर्गत सिडकुल पुलिस ने चैकिंग के दौरान मोहल्ला रावली महदूद क्षेत्र से 5 बहरूपिये फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी बाबा भेष में तंत्र-मंत्र और जादू-टोना दिखाकर लोगों को आकर्षित कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में भीड़ एकत्र हो रही थी और तनाव की स्थिति बन रही थी। सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि रविवार को ऑपरेशन कालनेमि अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में तथाकथित बाबा जादू टोना-टोटका की गतिविधियों में संलिप्त बाबाओ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर मौजूद पांच बेहरुपी बाबाओं को हिरासत में लिया और थाने लाया गया। पूछताछ



में अपना नाम कमलनाथ पुत्र फिरोजी, निवासी चंडीघाट थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार, आनंद स्वरूप पुत्र अनूप दत्त निवासी मकान नंबर 121 जोशियांन थाना नहटोर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश, सतीश पुत्र बाबू नाथ, निवासी घोसीपुरा थाना पथरी जिला हरिद्वार, मेहंदी पुत्र सूरजपाल, निवासी झंडा चौक सराय थाना ज्वालापुर जनपद हरिद्वार, मनोज पुत्र श्रीपत, निवासी नई बस्ती सराय थाना ज्वालापुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वह ऐसे ढोंगी बाबाओं से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# मुस्लिम फंड से लोन दिलाने पर ठगी करने वाला पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने लोन दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले शातिर ठग मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर एसएसपी द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 21 जून को ग्राम सलेमपुर रानीपुर निवासी मसव्वर पुत्र मशकूर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया कि मेरठ निवासी यूसुफ खान ने लोन दिलाने के नाम पर उनसे 6 लाख की ठगी की। इसके अलावा अन्य लोगों से भी लाखों की धोखाधड़ी करने के आरोप सामने आए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था, जिससे गिरफ्तारी में दिक्कत आ रही थी। लगातार फरार चल रहे यूसुफ की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था। इसके बाद सीआईयू और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें सक्रिय की गईं। मुखबिर की सटीक सूचना पर रविवार को आरोपी को धनौरी पुल से आगे कलियर रोड स्थित नेशनल कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के पास से कई सरकारी दस्तावेज मिले, जिनमें अलग-अलग पते दर्ज हैं। आधार कार्ड में पता ग्राम भिटौरा, सितारगंज, उधम सिंह नगर, ड्राइविंग लाइसेंस में शास्त्री नगर, मेरठ वोटर आईडी में इस्लामनगर, वार्ड-3, सितारगंज, डेबिट कार्ड में नाम सिर्फ मोहम्मद खान, अन्य संस्थाओं के कार्ड में भिन्न-भिन्न पते हैं। आरोपी पहचान छिपाने के लिए बार-बार न सिर्फ ठिकाना बदलता था, बल्कि दस्तावेजों में भी अलग-अलग नाम और पते इस्तेमाल कर रहा था।

# महर्षि दयानंद के सिद्धांतों को अपनाकर होगा समाज का उत्थान : यतिश्वरानंद

### आर्य समाज ने उठाई जनसंख्या नियंत्रण कानून, निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, न्याय प्रक्रिया की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित वेद मंदिर आश्रम में हुई आर्य समाज की बैठक में निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, जनसंख्या नियंत्रण कानून आदि के साथ तमाम जनहित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए हरिद्वार में विशाल शोभायात्रा निकालने पर गहन मंथन किया गया। वक्ताओं ने कुप्रथाओं को समाप्त करते हुए नशामुक्त, भ्रूण हत्या, चरित्रवान होने के साथ एक अभिवादन जैसे मुद्दे को उठाते हुए आर्य समाज को संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

रविवार को वेद मंदिर आश्रम में आर्य समाज की बैठक हुई। जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि आर्य समाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद के सिद्धांतों को अपनाते हुए सर्वसमाज का उत्थान संभव है। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून को बहुत जरूरी बताते हुए कहा कि व्यक्तिगत पूजा और एक नाम को बढ़ावा देने की परंपरा होना गलत है। आर्य समाज स्वयं आंदोलन का नाम है। महापुरुषों के सपनों को साकार करने के लिए लोगों को जगाने और कुप्रथाओं की समाप्ति के लिए आर्य समाज को सड़कों पर आना होगा। उन्होंने कहा कि एक आर्य समाजी सैकड़ों पर भारी है। उन्हें अपनी ताकत पहचाननी होगी और आर्यसमाज को एक मंच पर आना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दर्शन वेद को जानना जरूरी है।

प्रीति भाटिया ने आर्य समाज में महिलाओं को जोड़ने का आह्वान किया। यशपाल सिंह आर्य ने देश में लिव इन रिलेशन, समलैंगितता कानून को निरस्त करने की मांग उठाई। आर्य समाज के प्रधान हाकम सिंह ने नवंबर में प्रस्तावित शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव-गांव और शहरों में हस्ताक्षर अभियान चलाने और आर्य समाज की मासिक बैठक करने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष मानपाल सिंह ने कहा कि आर्य समाज राष्ट्र, आगामी पीढ़ी के भटकाव पर चिंतन करता है। उन्होंने भ्रूण हत्या पर चिंता जताते हुए कहा कि चरित्रवान बनाने के लिए बालक और बालिकाओं के स्कूल अलग-अलग हो। उन्होंने जातिवाद समाप्त करने और एक देश एक अभिवादन पर बल दिया।

बैठक का संचालन करते हुए स्वामी ओमानंद ने कहा कि आर्य समाज ने हमेशा राष्ट्रवाद के लिए काम किया है, अब चरित्र बचाना प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा अच्छी होगी तो दुख नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र महिला पुरुष सभी पढ़ और उच्चारण कर सकते हैं। उन्होंने फैलते नशा पर दुख जताते हुए कहा कि नशा ही भ्रष्टाचार की जड़ और मूल कारण है। बैठक में स्वामी योगेश्वरानंद, स्वामी नरेंद्रानंद, आचार्य रणवीर, राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष कुलदीप राणा, डा.दिनेश सिंह, यशवीर सिंह, ब्रहमपाल सिंह, वेदपाल, डा.जयपाल सिंह, आनंदस्वरूप वर्मा, जगपाल सिंह, दिनेश, स्वामी निगम भारती, स्वामी योगेश्वरानंद, स्वामी शिवानंद, स्वामी सुरेंद्रानंद, यशपाल सिंह आर्य, राकेश आर्य, सुशील भाटिया, प्रीति भाटिया, योगेंद्र मेधावी आदि ने भी विचार रखे। बैठक में बड़ी संख्या में आर्य समाज के लोग शामिल रहे।

# पूर्व केंद्रीय सशत्र पुलिस बल कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन की संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पूर्व केंद्रीय सशत्र पुलिस बल कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपचंद आजाद की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में संगठन के सचिव राजीव शर्मा के साढ़ू भाई की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ और स्वर्गवासी आत्मा के परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रूपचंद आजाद एडवोकेट ने हरिद्वार में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खुलवाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों, पेंशनरों की समस्याओं और आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के विषय में भी विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी में उपाध्यक्ष सुभाषचंद कपूर, मेनपाल सिंह, सह संरक्षक राजेद्रं बाबू पुष्कर, सहसचिव हरेंद्रपाल सिंह, सोमदत्त शर्मा, एसडी शर्मा, जगतराम, मामचंद, प्रवीर सिंह, ओम प्रकाश, सुरेशचंद त्यागी, राजकुमार रवि, पिताम्बर सिंह, तारा प्रसाद, बाबूराम, बच्चन सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सट्टे की खाईबाड़ी करते दो सटोरिए दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते 2 सटोरियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेन्द्र सिंड डोभाल के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों से सट्टे की खाईबाडी करते हुए दो आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से सट्टा पैन, डायरी व नकद 2130 रुपये बरामद हुए है। पुलिस पुछताछ में विजय कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी मोहल्ला कडच्छ कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार, शिवम पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम हेतमपुर रोशनाबाद थाना सिडकुल बताया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में कां. अमित गॉड, कां. राजेश बिष्ट, कां. सुनील शर्मा, कां. अर्जुन चौहान शामिल रहे।

# विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शिवलोक कॉलोनी में दो दिन पूर्व नवविवाहिता निक्की कुमारी की आत्महत्या के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि दहेज हत्या करार देते हुए पति और ससुरालियों पर संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस ने इस मामले में पति, सास-ससुर और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

चंदेश्वर मिश्रा निवासी पूर्वी चंपारण बिहार ने तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन निक्की कुमारी की शादी इसी वर्ष 7 फरवरी को शिवलोक कॉलोनी निवासी संदीप पांडेय से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। चंदेश्वर के अनुसार, सास चंदा देवी और पति संदीप उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

परिजनों को दो अगस्त की रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि निक्की ने फांसी लगा ली है। जब उन्होंने ससुराल पक्ष से संपर्क करना चाहा तो किसी ने फोन नहीं उठाया। देर रात वीडियो कॉल पर संदीप ने जानकारी दी कि निक्की ने फांसी लगा ली है। परिवार ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी को सौंपी गई है।

# जिला प्रेस क्लब ने दी दिवंगत पत्रकार नितिन गुड्डू को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पत्रकार नितिन गुड्डू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रेस क्लब रजि. ने शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि नितिन गुड्डू बहुत ही मधुरभाषी और मिलनसार व्यक्ति और तेजतर्रात पत्रकार थे। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकार जगत को गहरी क्षति हुई है। राकेश वालिया ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि नितिन गुड्डु के परिजनों को आर्थिक मदद दी जाए। जिससे वे ठीक ढंग से अपना जीवनयापन



कर सके। महामंत्री अनिल बिष्ट ने कहा कि नितिन गुड्डू के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत को जो क्षति हुई है। उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। केशव चौहान, सनोज कश्यप, मुमताज आलम खान, मोहन राजा, मोहम्मद नदीम, मनोज कश्यप, नौशाद अली, गणेश भट्ट, मनव्वर कुरैशी, रोहित वर्मा, राजू, कमल शर्मा, अशोक पांडे, अवधेश, दीपक झा, नरेश कुमार मित्तल, विजय प्रजापति, सागर कुमार, सरविंदर कुमार, सद्दाम हुसैन, जीशान मलिक, रितेश तिवारी, कुणाल शर्मा आदि पत्रकारों ने भी दिवंगत नितिन गुड्डू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शासकीय धन के गबन के दोषी लिपिक को पांच साल की जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऐथल हरिद्वार में तैनात लिपिक को शासकीय धन के गबन और जलसाजी कूटरचित दस्तावेजों के उपयोग का दोषी करार पाया है। लिपिक को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार का अर्थ दंड भी लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी नवेंदु कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त मदन सिंह गोसाई के खिलाफ थाना पथरी में 2008 में मुकदमा दर्ज किया गया था। मदन सिंह ने राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय ऐथल में लिपिक के पद पर रहते हुए विभिन्न प्रधानाचार्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके सामान्य भविष्य निधि खातों से पैसे निकाले। इसके अलावा छात्र-छात्राओं से प्राप्त राजकीय शुल्क, छात्र निधियों की धनराशि पासबुक में जमा न कर बेईमानी और धोखाधड़ी करते हुए गबन कर ली। विद्यालय के प्रधानाचार्य की तरफ से पथरी थाने में 2008 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचक ने जांच के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया था। अब इस मामले में अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सुनवाई की। इस दौरान 14 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। बयानों और साक्ष्यों के आधार पर लिपिक को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई गई।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

## एसएसजे परिसर में बीसीए में सीटें बढ़ाने की मांग

**अल्मोड़ा।** एसएसजे परिसर में छात्रों बीसीए में सीटें बढ़ाने की मांग उठाई है। मामले को लेकर परिसर निदेशक को ज्ञापन सौंप जल्द समस्याओं को दूर करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि बीसीए पाठ्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, लेकिन पाठ्यक्रम में सिर्फ 60 सीटें ही उपलब्ध हैं। इस कारण कई छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह जाएंगे। कहा कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए बीसीए में सीटें बढ़ाई जानी चाहिए। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई परिसर अध्यक्ष लोकेश सुप्याल, अमन लटवाल, सोनी मेहता, सुरेंद्र सिंह धामी, ललित अधिकारी, राहुल जोशी समेत कई एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन जीवन का सबसे आत्मीय और भावनात्मक दिन:पुंडीर

**कैंट विधानसभा में भारतीय जानता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह संग क्षेत्र की बहनों ने मनाया रक्षा बंधन का त्योहार , रक्षा सूत्र बांधकर की लंबी उम्र की कामना, पर्यावरण हित में एक पेड़ मां के नाम पर पौधे भी किए वितरित**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून** ।भारतीय जानता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पुंडीर संग कैंट विधानसभा में क्षेत्र की हजारों की संख्या में बहनों ने रक्षा बंधन का त्योहार मनाया।पुंडीर ने कहा कि रक्षाबंधन जीवन का सबसे आत्मीय और भावनात्मक दिन होता है।

उन्होंने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उनके सुख-दुख में हमेशा साथ रहने का आश्वासन दिया।

ऊर्जा भवन के पास एक बैंकट हॉल में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जीवन में बहनों के प्रति प्रेम, सम्मान ओर सुरक्षा की भावना को ओर अधिक मजबूत तथा अपने समाज



की नारी शक्ति के सम्मान में सभी के सहयोग से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बहनों ने जोर शोर से प्रेम का प्रदर्शन किया एवं भाई बहन के त्योहार में रक्षा सूत्र बांध कर भारत माता की जयकारे के साथ जोगेंद्र पुंडीर की लंबी उम्र की प्रार्थना भी की ।कार्यक्रम में सांस्कृतिक संगीत एवं प्रस्तुतियों से बच्चों एवं सभी आये हुए कलाकारों ने मातृशक्ति एवं मेहमानों का मन मोह लिया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर पर्यावरण हित में एक पेड़ मां के नाम पर पौधे भी वितरित किए गये ओर 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के लिए भी आह्वान करते हुए जोगेंद्र पुंडीर ने उपहारों के साथ सभी मातृशक्ति एवं बहनों के साथ ही सभी सहयोगियों का भी आभार धन्यवाद व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मातृशक्ति क्षेत्र वासियों विशेष रुप से बहने पार्षद एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही ।

कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष विनोद पंवार , विकास शर्मा, नीरज रतूड़ी , राज डिमरी पार्षद कीर्ति बेनीवाल , सुरेंद्र कुकरेजा , रेणु देवी , मीरा कठैत प्रवीण नेगी , रजनी देवी , संजय सिंघल , सुमन सिंह , अनिता मल्होत्रा अंजू बिष्ट , दीपा बछेती , रेनू रौतेला, सरिता ठाकुर रुक्मणी देवी , दीपा बचेती , सूरज भाटिया, राजेश सेन , अमित चौधरी एवं प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

## केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर टूटी चट्टान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बारिश और भूस्खलन के कारण केदारनाथ धाम की यात्रा लगातार प्रभावित हो रही है। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग गौरीकुण्ड के निकट शनिवार सांय को चट्टान टूटने के कारण बंद हो गया था। जिसे रविवार सुबह आवाजाही के लिये खोला गया। इस स्थान पर पहले भी भूस्खलन हुआ था। शनिवार देर सांय धाम से आने जाने वाले यात्रियों को रात के समय ही रेसक्यू किया गया था।

रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश जारी है। बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। चार दिन बाद शुरू हुई केदारनाथ धाम की यात्रा पर शनिवार सांय को फिर से ब्रेक लगा। सांय को पैदल यात्रा मार्ग पर गौरीकुण्ड के निकट चट्टान टूट गयी और यात्री दोनों छोरों पर फंस गये। जिसके बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने यात्रियों का रेस्क्यू किया। जिस कारण यात्री भी यात्रा मार्ग पर फंस गये। फंसे हुये यात्रियों का रात के समय ही रेस्क्यू किया गया। रविवार सुबह पैदल मार्ग को आवाजाही लायक बनाया गया। जिसके बाद यात्रियों को केदारनाथ धाम भेजा गया। वहीं दूसरी ओर गौरीकुंड-सोनप्रयाग मोटरमार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। गौरीकुंड के निकट जिस स्थान पर मोटरमार्ग वाश आउट हो गया था, वहां पर कटिंग करके मोटरमार्ग को आवा. जाही लायक बनाया गया है। मोटरमार्ग पर अब वाहनों की लगातार आवा. जाही हो रही हैं। हालांकि इस स्थान पर खतरा लगातार बरकरार है। पहाड़ी से लगातार बोल्डर गिरने का भय है। ऐसे में यहां पर सुरक्षा जवानों को भी तैनात किया गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मातृ सम्मेलन के तहत विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग हर छात्र छात्रा की माता ने इस कार्यक्रम में शिरकत की और विद्यालय विकास और अपने बच्चों के विकास के लिए कई सुझाव भी दिये।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अध्यक्षा रक्षा चौहान, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण कर किया।. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के भौतिकी प्रवक्ता कमलेश सिलोड़ी और भूगोल प्रवक्ता शकुंतला राणा ने किया। कार्यक्रम में कई मात्र शक्तियों शीतल, ईशा, पायल, रेखा थापा, मानसी, शीला देवी, रचना देवी, सरस्वती देवी, सरोजनी देवी, रविता ने अपने विचार सबके सामने प्रस्तुत किए। मातृ सम्मेलन में कक्षा अध्यापकों ने सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जख्मोला ने संपूर्ण विद्यालय की रूपरेखा मातृ शक्तियों के समक्ष रखी, उन्होंने एनसीसी के संदर्भ में बताया कि पहले सिर्फ सीनियर कक्षाओं तक ही एनसीसी सीमित थी लेकिन इस वर्ष से जूनियर कक्षाओं में भी एनसीसी प्रारंभ हो गई है। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ योग और शारीरिक पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है जिससे कि बच्चों का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक तीनों प्रकार के विकास हो सके।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करने वालों में तपेंद्र शर्मा, मुकेश त्यागी आदि भी प्रमुख रूप से रहे कार्यक्रम का समापन भाषण कार्यक्रम की अध्यक्षा रक्षा चौहान द्वारा दिया गया। मातृ सम्मेलन में 250 से 300 के बीच मातृ शक्तियों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता कालिका प्रसाद, विद्यालय की समस्त आचार्य अवधेश, तपेंद्र, कमलेश, अखिलेश, चंदन, दिवाकर, धन सिंह, अनिल, फकीर, विशाल, नीरज, दिवाकर नाथ यादव, दीपक, मुकेश, शकुंतला, रिंकी, विजेता, शीतल, शिवानी, शालू, पूजा, रेनू, निर्मला, इशु आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सहसपुर पुलिस ने खुशहालपुर लांघा रोड क्षेत्र में चलाया सत्यापन अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा 150 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 11 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर 1,10,000 रूपये का जुर्माना किया अध्यारोपित तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 नगद वसूले गए।थाना सहसपुर ने खुशहालपुर लांघा रोड पर किरायेदारों के सत्यापन हेतु टीम का गठन कर सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों किरायेदारों व संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। तथा उक्त कार्यवाही में मकान मालिकों के विरूद्ध किरायेदारों का सत्यापन न कराने के सम्बन्ध में पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 11 चालान धनराशि 1,10,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय के चालान किए गए तथा 11 व्यक्तियों को थाने पर लाकर पूछताछ की गई सही पाए जाने पर थाने से छोड़ा गया तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 नगद वसूले गए।

**एक नजर .......**

## प्रधानाध्यापिका सिंगवाल को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटी लस्या में कार्यरत प्रधानाध्यापिका एवं ग्राम मयाली निवासी अनुसूइया सिंगवाल की सेवा. निवृति पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय जनता की ओर से भव्य विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान से किया। तत्पश्चात मंच. ासीन शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका अनुसूइया सिंगवाल का फूलमालाओं, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय एसएमसी ने संयुक्त रूप से विदाई पत्र का वाचन कर उन्हें भेंट किया। वहीं शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उन्हे उपहार भेंट किए। स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सिंगवाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 15 अक्टूबर 1986 को राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांगी भरदार से शुरू कर सेवाकाल के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय रतनपुर, जाखणी गोर्ती एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटी में अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृत्ति पर उन्हे प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष ललित काला, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेंद्र सकलानी, पूर्व प्रधान प्रति. निधि आशीष काला, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीडी काला, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रतनमणी काला, नरोत्तम काला, धीरेन्द्र काला, संजय दत्त काला, गिरीश ममगाईं, प्रधानाध्यापक गिरीश बडोनी, शिक्षक सुंदर लाल सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सोनाली वर्मा 'गुरुकुल बुक ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2025' से सम्मानित

**विकासनगर।** समरफील्ड स्कूल विकासनगर की प्रिंसिपल सोनाली वर्मा को गुरुकुल प्रकाशन, हैदराबाद द्वारा 'गुरुकुल बुक ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2025' से सम्मानित किया गया। श्रीमती वर्मा को उनकी पुस्तक भ्मंतजमिसज- । च्वमजपब श्रवनतदमल जीतवनहीं मर्सा-ैवनस के लिए पुरस्कृत किया गया। उनकी भावनात्मक रचनायें इस पुस्तक के रूप में मूर्त रूप में प्रकाशित हुई। समारोह एक होटल हैदराबाद में आयोजित किया गया था। यह गुरुकुल प्रकाशन के संस्थापक डॉङ्क विनीत गेरा द्वारा आयोजित दूसरा पुरस्कार समारोह है, जिसका उद्देश्य साहित्यिक प्रतिभा को बढ़ावा देना और लेखकों को अपनी रचनाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा सकुशल सम्पन्न

पुलिस उपाधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो गई है। इस दौरान पुलिस के जवानों ने सभी 6 परीक्षा केंद्रों पर तत्परता के साथ ड्यूटी का निर्वहन किया।

# कोतवाली पुलिस ने थाना दिवस पर शिकायतों का किया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** कोतवाली विक. ासनगर पुलिस द्वारा कोतवाली पर थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस पर प्राप्त शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही कर प्राप्त शिकायतो का किया गया विधिक निस्तारण।



प्रभारी निरीक्षक विकासनगर' द्वारा रविवार को कोतवाली विकासनगर में 'थाना दिवस' का आयोजन किया गया, "थाना दिवस"' के आयोजन पर थाने पर शिकायतकर्ताओ द्वारा अपनी शिकायत, समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिये गये, प्राप्त प्रार्थना पत्र, शिकायतो पर विकासनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उपरोक्त सभी शिकायतो, समस्याओ का विधिक निस्तारण किया गया। कोतवाली विकासनगर पर आयोजित किये गये "थाना दिवस"' में प्राप्त शिकायतो पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही किये जाने पर उपस्थित स्थानीय लोगो व शिकायतकर्ताओ द्वारा सरहाना की गयी। सम्बन्धित शिकायतकर्ताओ द्वारा उनकी शिकायतो, समस्याओ का विधिक शीघ्र निस्तारण होने पर सन्तुष्टि व्यक्त करते थाना दिवस व स्थानीय पुलिस की सरहाना की गयी। भविष्य मे भी कोतवाली विकासनगर पर "थाना दिवस"' का आयोजन नियमित रूप से प्रचलित रहेगा।

## ग्राम सारकोट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा आदर्श ग्रामसभा के रूप में विकसित किए जा रहे ग्राम सारकोट (जनपद चमोली) के भ्रमण के लिए मुख्य विकास अधिकारी बागेश्वर के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों की टीम ने दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य आदर्श ग्राम के सफल मॉडल को समझते हुए बागेश्वर जनपद में चयनित ग्राम सातरतबे (विकासखण्ड बागेश्वर) एवं लौबांज (विकासखण्ड गरुड़) को समग्र एवं अभिसारी दृष्टिकोण के साथ विकसित करने की रूपरेखा तैयार करना है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा 28 नवम्बर 2024 को घोषणा संख्या 657/2024 के अंतर्गत ग्राम सारकोट को आदर्श ग्रामसभा बनाए जाने की घोषणा की गई थी।

## डा. सैनी के अंग्रेजी काव्य संग्रह का विमोचन करेंगी सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट सुबुही खान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी के नवीन प्रकाशित अंग्रेजी काव्य संग्रह 'अनकैनी पर्सनेलिटीज इन अनकैनी स्टाइल' का विमोचन सुप्रीम कोर्ट की प्रसिद्ध एडवोकेट तथा राष्ट्र जागरण अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका सुब. ुही खान 8 अगस्त को श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर में करेंगी।

इस काव्य संग्रह में भारत के विभिन्न क्षेत्रों की 101 प्रमुख हस्तियों के व्यक्तित्व और कृतित्व का वर्णन उनके नाम के प्रत्येक अक्षर से कविता लिखकर किया गया है। ऐसी शैली में आज तक किसी भी लेखक और कवि ने नहीं लिखा है। यह काव्य संग्रह उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को समर्पित किया गया है जिन्हें राष्ट्रपति के द्वारा उनकी देश सेवा के लिए, अमूल्य योगदान के लिए चार बार सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, तथा दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन देवेंदर सिंह मान, पुनर्नवा के सी.एम.डी डॉ. आचार्य आशीष सेमवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौढ़ियाल तथा श्री गुरु राम राय इण्टर कालेज सहसपुर के सह प्रबंधक चंद्र मोहन सिंह पयाल, सी.बी.एस.ई के पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी डा. रणवीर सिंह उपस्थित रहेंगे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अग्रवाल की कलाई पर ब्रह्मकुमारीज बहनों ने बांध रक्षासूत्र

**पूर्व कैबिनेट मंत्री ने ब्रह्मकुमारीज बहनों को बड़े भाई के रूप में दिया आशीर्वाद**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल की कलाई पर ब्रह्मकुमारीज बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन का पर्व मनाया। इस मौके पर डा. अग्रवाल ने ब्रह्मकुमारीज बहनों को बड़े भाई के रूप में आशीर्वाद दिया।

देहरादून आवास पर पहुंची ब्रह्मकुमारीज बहनों से मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि रक्षा बंधन



सिर्फ एक धागे को कलाई पर बांधने की रस्म नहीं है, बल्कि भाई और बहन के बीच की पवित्र डोर है, जो कभी टूट नहीं सकती है।

डा. अग्रवाल ने कहा कि हर घर या परिवार में बहन का होना आवश्यक है, इससे भाई-बहन के रिश्ते को बारीकी से समझने में मदद मिलती है। एक भाई की तकलीफ उसकी मां के अलावा बहन ही जानती है। इसका उदाहरण हिंदू पौराणिक कथाओं में देखने को मिलता है।

डा. अग्रवाल ने बताया कि महाभारत में जब भूलवश सुदर्शन चक्र से भगवान कृष्ण की उंगली कट गई थी, यह देख द्रौपदी ने उंगली से बहते खून को रोकने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा बांध दिया। भगवान कृष्ण द्रौपदी की भावनाओं से बहुत प्रभावित हुए और बदले में, दुनिया की सभी बुराइयों से उसकी रक्षा करने का वादा किया था। जिसे श्रीकृष्ण ने बखूबी निभाया भी।

डा. अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के दौरान, जब कौरवों ने उसे शर्मसार करने और नीचा दिखाने की को. शिश की, तो उन्हें अपमान से बचाकर अपना वादा निभाया था।

इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी मीना दीदी , ब्रह्मकुमारी गीता दीदी , कुमारी स्वाति , कुमारी अक्षिता आदि उपस्थित रहे।

# भट्ट ने मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवम पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा मुरली मनोहर जोशी से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

जोशी के दिल्ली स्थित आवास पर हुई इस शिष्टाचार मुलाकात में उन्होंने कुशलक्षेम लेते हुए उनके स्वास्थ्य रहने की कामना की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने जोशी को महान संगठनकर्ता, विच. ारक और पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वयं का मार्गदर्शक बताया। कहा कि वे भाजपा और विशेषकर



उत्तराखंड के गौरव हैं, जिनके दिखाए रास्ते पर राज्य और संगठन निरंतर तरक्की की नई ऊंचाईयों को छू रहा है।

# बरसात के मौसम में कई इलाकों में गंदा पानी आने की शिकायत

## जल संकट या कमी की समस्या का डे-टू-डे ही हो समाधनः डीएम

**प्रशासन का लक्ष्य, हर दिन हर घर तक निर्बाध जलः सविन बंसल, 07 विभागों के अधिकारी, 20 अप्रैल से 24x7 कंट्रोल रूम में तैनात,कंट्रोल रूम को अब तक मिली 251 शिकायतें, 247 निस्तारित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।**मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन प्रोएक्टिव मोड में सक्रियता से समस्याओं का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर अब तक कंट्रोल रूम को पेयजल की 251 शिकायतें मिली है, जिसमें से 247 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी जल संकट, जल की कमी और समस्या का प्रोएक्टिव मोड में निस्तारण जारी रखे। हर दिन हर घर तक निर्बाध रूप से जलापूर्ति की जाए। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिन उसका समाधान किया जाए।

पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिलाधिकारी के निर्देशों पर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रही है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24०7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है।

ग्राम कंडोली में टैंक ओवर फ्लो सहसपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कंडोली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित टैंक से ओवरफ्लो और लीकेज से बने खतरे की समस्या पर पेयजल निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि टैंक का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पानी के टैंक में लीकेज नहीं है। बरसात में पानी के स्रोत मालडूंग नदी में अत्यधिक पानी होने के कारण सप्लाई पाइप से जरूरत से ज्यादा पानी टैंक में आ रहा है। टैंक भरने पर पानी ओवरफ्लो हो रहा था। सप्लाई लाइन के प्रथम वाल्व से अतिरिक्त पानी को नियंत्रित कर लिया गया है। जिससे अब कोई खतरा नहीं है।

### जाखन से गंदे पानी की शिकायत

दून जाखन क्षेत्र से संजय नौटियाल ने लगातार गंदा पानी आने की शिकायत दर्ज की। जिलाधिकारी के निर्देश पर जल संस्थान की टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। टीम ने मौके पर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कर समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। उपभोक्ताओं को अब अपने जल संयोजन से शुद्ध जलापूर्ति होने लगी है।

### राजेंद्र नगर में भी पानी खराब

राजेन्द्र नगर में मटमैला पानी आने की शिकायत पर जल संस्थान के सहायक अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में भूजल स्तर कम होने से 05 ट्यूबवेल से ओवरहैड टैंक भर पाता है। समस्या के निस्तारण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। क्षेत्र में टैंक से हो रही जलापूर्ति की जांच की गई और वर्तमान में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

ट्यूबवेल पर रहे आपूर्ति सुनिश्चित जिलाधिकारी के निर्देशों पर पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित निगरानी करते हुए ट्यूबवेल व नलकूपों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल संस्थान एवं जल निगम के सभी डिविजनों में समस्याओं के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर भी प्रचारित किए गए है। इसके अलावा कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0135-2726066 व 1077 पर मिलने वाली शिकायतों का त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है।

## रैलाकोट और ओम एकादश ने जीते मुकाबले

**अल्मोड़ा।** जिले में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। रविवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें रैलाकोट ने बजरंगी टाइटन को परास्त कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। अल्मोड़ा चैलेंजर क्लब की ओर से हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, ममता कनवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद रैलाकोट और बजरंगी टाइटन के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए रैलाकोट की टीम ने 24 रनों से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरा मुकाबले में ओम एकादश ने मैच जीता।

# बारिश ने बरपाया कहर, लोग सहमे

## नाले, गधेरे उफान पर, गौला का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट मोड पर जिला प्रशासन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी और आसपास देर रात से ही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं लगातार हुई बारिश से नदी, नाले उफान पर आने लगे है। गौला और नंधौर नदी का भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिसे प्रशासन की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। रविवार को गौला बैराज का जलस्तर 10 हजार क्यूसेक से अधिक पहुंच गया। हालांकि बैराज का डिस्चार्ज नियंत्रण में है। रकसिया और कलसिया नाला भी उफान मारने लगा है। प्रशासन की ओर से लगातार नदी और नहर के किनारे रह रहे लोगों को सचेत किया जा रहा है। मौसम विभाग ने नैनीताल समेत पौड़ी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, उत्तरकाशी और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। हल्द्वानी और आसपास के इलाके में सुबह से बरसात का दौर जारी रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक बारिश होती रही, हालांकि शाम बाद बारिश का दौर थम गया। मौसम विभाग ने भी रविवार को अलर्ट जारी किया था और उसी के अनुरूप सुबह से ही लगातार बारिश होती रही। मौसम की करवट से अधिकतम तापमान में खासा गिरावट आयी। वहीं, लगातार हो रही बारिश से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। गौला बैराज का जलस्तर 10 हजार क्यूसेक से अधिक पहुंच गया है। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में राजस्व विभाग के पटवारी, पुलिस बल और आपदा प्रबंधन टीमें निगरानी बनाए हुए हैं। शेर नाले और सूर्या नाले पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से नदी और नालों के किनारे जाने से परहेज करने की अपील की है। इधर, कलसिया नाले का बहाव भी तेज़ हो गया है, जिसने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। देर रात खबर लिखे जाने तक हल्द्वानी व आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही थी। एसएसपी पीएन मीणा ने जनमानस से अपील की है कि पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने से बचें, और यदि यात्रा अत्यंत आवश्यक हो, तो मार्गों की स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही यात्रा करें। नदी-नालों और तेज बहाव वाले स्थानों को पार करने की कोशिश न करें। भूस्खलन और जलभराव संभावित क्षेत्रों से दूर रहें। पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरी तरह से सतर्क और घटनास्थल पर तैनात हैं।

## भारी बारिश के बाद काठगोदाम में भूस्खलन, पर्यटकों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बची जानें

**हल्द्वानी।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। रविवार



सुबह काठगोदाम थाना क्षेत्र के गुलाब घाटी के पास तेज बारिश के कारण पहाड़ का मलबा सड़कों पर आ गिरा। इस दौरान कई बड़े पत्थर भी तेजी से नीचे आए, जिससे मार्ग पर खड़ी कुछ गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय सड़क पर पर्यटकों से भरी कई गाड़ियां मौजूद थीं। गनीमत रही कि समय रहते कुछ सवारियों को बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। हादसे में कई बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे, जो बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही काठगोदाम थाना प्रभारी पंकज जोशी व मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने पुलिस बल को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने तत्काल पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। भूस्खलन की स्थिति अभी भी बनी हुई है, और प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि लोग अनावश्यक रूप से पहाड़ी मार्गों पर यात्रा न करें। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीनें तैनात कर दी गई हैं, और मार्ग को शीघ्र खोलने के प्रयास जारी हैं।

## गोला पुल की एप्रोच रोड फिर से क्षतिग्रस्त, भ्रष्टाचार की परतें उधड़ीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी और गौलापार क्षेत्र को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर भ्रष्टाचार की परतें खुलती जा रही हैं। गौलापुल की एप्रोच रोड, जो पिछले वर्ष भारी बारिश में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, एक बार फिर बारिश में टूटकर उधड़ गई है। इस मार्ग की मरम्मत को लेकर प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार के आशंका अब खुलकर सामने आ रहे हैं, जिसके



चलते गौलापार व चोरगलिया क्षेत्र की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार रात हुई तेज बारिश के बाद एप्रोच रोड का एक हिस्सा फिर से धंस गया, जो पहले भी इस तरह से टूट चुका था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, एनएचएआई द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से इस मार्ग की मरम्मत कराई जा रही है, लेकिन गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि एनएचएआई के जेई के मुताबिक, भारी बारिश के कारण एप्रोच रोड के नीचे डाली गई मिट्टी बह गई है, जिससे सड़क का यह हिस्सा फिर से कमजोर हो गया। फिलहाल, सड़क की मरम्मत के लिए दोबारा मिट्टी भरने और कंक्रीट की लेयर डालने का काम चल रहा है। अधिकारियों का दावा है कि पुल को किसी भी प्रकार का सीधा खतरा नहीं है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और बार-बार हो रही क्षति ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ दिन पहले ही जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गोला पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था और शीघ्र और मानकों के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, पुनः मरम्मत की आवश्यकता और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में जब एनएचएआई की तकनीकी प्रबंधक मीनू से संपर्क किया गया, तो उन्होंने इस बारे में जानकारी से अनभिज्ञता जताई और कहा कि इस संबंध में उन्हें फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है। मीनू ने स्पष्ट किया कि स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही वे कोई टिप्पणी कर सकती हैं।

## गला रेतने की कोशिश, चाकू से गोदा सिर और चेहरा

### तीन लोगों ने दिनदहाड़े दिखाया दुस्साहस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीच सड़क पर एक युवक को तीन दबंगों ने चाकू से गोदने की कोशिश की। वो इसमें काफी हद तक कामयाब भी रहे। युवक के सिर और मुंह पर चाकू मारा गया है। इतना ही नहीं उसका गला भी रेतने की कोशिश की गयी। हमलावरों में दो युवक और एक युवती हैं। जख्मी युवक को बेस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घायल युवक ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गुहार लगाते हुए तहरीर सौंपी है। जानकारी के अनुसार वार्ड-27 कब्रिस्तान गेट हल्द्वानी निवासी राहुल सागर पुत्र पुत्र लालाराम सागर ने पुलिस को सौंपी तहरीर कहा कि बीते शनिवार को साढ़े सात बजे वह निजी कार्य से घर से निकला था। जैसे ही वह तिकोनिया के पास पहुंचा तभी दो युवकों व एक युवती थी, तीनों ने उसे घेर लिया। तीनों हमलावर अंबेडकर नगर, हल्द्वानी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तीनों ने राहुल के सिर और मुंह पर धारदार चाकू से लगातार हमले किए। जिस कारण गंभीर हालत में राहुल बीच सड़क लहूलुहान हालत में गिर गया। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए। भीड़ को देख मौके से तीनों हमलावर यहां से फरार हो गए। घायल हालत में युवक को बेस अस्पलात लाए जहां उसके सिर में करीब दस टांके लगे। घायल राहुल ने आरोप लगाया कि तीनों लोगो ने उसका गला रेतने की भी कोशिश की। लेकिन लोगों के आ जाने से वह बच गया। घायल युवक ने हमलावरों पर जातिसूचक टिप्पणी का भी आरोप लगाया है। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी खंगालने के निर्देश दिए गए हैं।

## योगा ट्रेनर की मां ने हत्या का आरोप लगाया, सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिन पूर्व मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत सदिग्ध परिस्थितियों में महिला योगा ट्रेनर की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मृतका की मां ने दो संगे भाईयों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि बीते 31 जुलाई को मुखानी के जेके पुरम में रहने वाली महिला योगा ट्रेनर ज्योति की अचेत अवस्था में उसके ही कमरे में लाश मिली थी। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया था। घटना के बाद पुलिस को पूरी मामला संदिग्ध लगा था। अब मृतक ज्योति की मां दीपा मेर निवासी हल्दूचौड़ ने मुखानी पुलिस को तहरीर देकर दो सगे भाईयों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका एक योगा सेंटर में ट्रेनर थी। उसी सेंटर को चलाने वाले दो सगे भाईयों के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है, और जांच की जांच शुरू कर दी है।

# तल्ली हल्द्वानी में जलभराव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार से लगातार हो रही बारिश से तल्ली हल्द्वानी के वार्ड-58 के विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न होने से स्थानीय निवासी परेशान थे। जलभराव की यह समस्या केदार पुरम, ट्यूलिप कालोनी, सुयाल कालोनी (गली नंबर 1), फ्रैंड्स कालोनी, श्री पुरम और इंद्रपुरी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा देखने को मिली। समस्या की जानकारी मिलने पर पार्षद मनोज जोशी ने तुरंत नगर निगम के नगर आयुक्त को अवगत कराया और स्थिति को जल्द से जल्द सुधारने के लिए नगर निगम की पूरी टीम के साथ मिलकर कार्य शुरू किया। इसके साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों ने भी जल भराव की समस्या का समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाए। कार्य में नगर आयुक्त ऋचा सिंह के अलावा, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान और इंस्पेक्टर अमोल असवाल भी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। पटवारी अरुण वर्मा भी इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल थे और क्षेत्रीय स्थिति का निरीक्षण कर प्रशासन को सही दिशा देने में मदद की। नगर निगम की पूरी टीम जल भराव से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके और भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों।

# दस्तावेज लेखन में गड़बड़ी पर एडीएम नेगी हुए सख्त

## तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला निबंधक एवं अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी के निबंधन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई है। जांच में पाया गया कि दस्तावेज लेखक अनुज्ञप्ति संख्या 16/2022 की अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी थी, इसके बावजूद भी संबंधित दस्तावेज लेखक द्वारा उक्त तिथि के बाद भी उप निबंधक प्रथम एवं द्वितीय हल्द्वानी कार्यालयों में लगभग 44 विलेखों का प्रस्तुतीकरण किया गया। अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि अनुज्ञप्ति समाप्त होने के बावजूद दस्तावेज लेखक के रूप में विलेखों का प्रस्तुतीकरण किस विधि या नियम के अंतर्गत किया गया, इसका स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमावली एवं सुसंगत अधिनियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, उप निबंधक हल्द्वानी भावना कश्यप, प्रकाश सिंह बिष्ट एवं वरिष्ठ रजिस्ट्रेशन क्लर्क दिनेश सिंह चौहान का स्पष्टीकरण भी तीन दिन के भीतर प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गैंगरेप के आरोपी की दबंगई

## ज़मानत पर बाहर आकर दी एसिड अटैक की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानीं।** गैंगरेप के आरोपी फरदीन की जमानत होने के बाद कोर्ट ने अब आरोपी के खिलाफ एसिड अटैक की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। बनभूलपुरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि पीड़िता ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम हल्द्वानी में दायर प्रार्थना पत्र में बताया कि 2023 में उसके लापता होने पर पिता की सूचना पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें आरोपी फरदीन पुत्र मोईन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पीड़िता ने बताया कि उस वक्त वह फरदीन और उसके पिता मोईन के दबाव में थी, इसलिए न्यायालय में बयान

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

नहीं दे पाई, लेकिन जेल से छूटने के बाद से फरदीन ने उसका और परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है। आए दिन धमकी दी जा रही थी। पीड़िता के मुताबिक 15 मई को जब वह अपनी मां के साथ मेडिकल टेस्ट के लिए जा रही थी, तब अब्दुल्ला बिल्डिंग के पास फरदीन ने उसे रोका और केस को वापस लेने का दबाव बनाने लगा केस वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। 19 मई को जब वह अपनी दादी के घर से लौट रही थी, तब फरदीन ने उसे रोक कर गाली दी और एसिड डालने की धमकी दी। जब मां ने विरोध किया तो फरदीन भाग गया। पीड़िता जब थाने पहुंची तो पुलिस ने अगले दिन आने को कहा और 20 मई को रिपोर्ट दी, लेकिन न तो मुकदमा दर्ज किया, और ना ही तहरीर पर रिसीविंग दी। जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम हल्द्वानी पारुल थपलियाल ने 31 जुलाई को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। इधर प्रभारी बनभूलपुरा सुशील जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पुलिस ने टाला गैंगवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक संभावित गैंगवार को वक्त रहते टाल दिया। आईटीआई गैंग से हिसाब चुकता करने निकले फूलचौड़ गैंग के बदमाशों की पुलिस से सीधी भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार गुर्गों का पीछा करने पर एक युवक पकड़ में आ गया, जबकि बाकी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। टीपीनगर चौकी पुलिस को एक युवक ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध युवक देवलचौड़ इंटर कॉलेज की ओर जा रहे हैं और उनके पास हथियार हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल अनिल टम्टा और प्रदीप सिंह तुरंत हरकत में आए। पुलिस ने जब गुसाई फॉर्म के पास चार बाइकों पर सवार युवकों को देखा तो पीछा शुरू किया। शिव दुर्गा विहार के पास एक बाइक फिसल गई। बाइक चला रहा युवक भाग निकला, लेकिन पीछे बैठा युवक पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से '315 बोर का देशी तमंचा' बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 'निर्मल कोहली' पुत्र भूपेंद्र प्रसाद कोहली, निवासी मफ्यूर कुंज विहार, छड़ायल चौराहा, के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि कुछ दिन पहले फूलचौड़ गैंग के राहुल थापा के साथ आईटीआई गैंग के कमलेश द्वारा मारपीट की गई थी। उसी का बदला लेने वे साथी युवकों के साथ निकले थे। चौकी प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, आरोपी के खिलाफ 'आर्म्स एक्ट' के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# सीसीटीवी की निगरानी में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 शनिवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न हुई। बेहद सख्ती के बीच परीक्षार्थियों की जांच की गई। उन्हें मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्र में दाखिल होने से पहले हर परीक्षार्थी की गहन तलाशी ली गई। जिले में कुल सात केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले हर परीक्षार्थी की पहचान वैध दस्तावेजों से सत्यापित की गई। फिर मेटल डिटेक्टर से जांच कर अंदर जाने दिया गया। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्टवाच, पेन ड्राइव जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूरी तरह पाबंदी रही। साथ ही, परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी का सहारा लिया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी सख्त निगरानी रखी ताकि कोई भ्रामक जानकारी, पेपर लीक या प्रलोभन फैलाने की कोशिश न कर सके। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि नैनी वैली सीनियर सेकेंड्री स्कूल काठगोदाम, सेंट पॉल सीनियर सेकेंड्री स्कूल नैनीताल, सेंट थेरेसा स्कूल काठगोदाम, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बरेली रोड, हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास, टैगोर पब्लिक स्कूल आरटीओ रोड और लामाचौड़ स्थित परसिस्टेंट स्टूडेंट नेस्ट में परीक्षा आयोजित कराई गई थी।

## नर्सिंग, पैरामेडिकल की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**हल्द्वानी।** हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की प्रवेश परीक्षाएं रविवार को राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी में संपन्न हुई। पहली पाली में 10 बजे से 12 बजे तक एएनएम की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें 161 अभ्यर्थियों में से 147 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की में बीएससी पैरामेडिकल की प्रवेश परीक्षा हुई जिसमे 302 अभ्यर्थियों में से 286 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी व 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं को संपन्न कराने में परीक्षा केंद्र अधीक्षक डा. आरजी नौटियाल, परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक प्रो. एनएस बिष्ट, प्रो. अनिता जोशी राणा, उप प्रबंधक हरिमोहन उपाध्याय, अकादमिक सहायक सुनील जोशी, योगेंद्र रावत, नंदी रजवार, पंकज जोशी, मनमोहन पाटनी, नवीन जोशी, चंदन डोलगाई आदि ने सहयोग किया।

## पंचायत चुनाव की मतगणना पर उठाए सवाल

**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा नया पांडे गांव के प्रधान पद के उम्मीदवार उमापति तिवारी ने पंचायत चुनाव की मतगणना प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी नैनीताल को पत्र भेजकर पुनः मतगणना कराए जाने और कथित रूप से निरस्त किए गए मतों को दिखाए जाने की मांग की है। उमापति तिवारी का कहना है कि 31 जुलाई को कोटाबाग स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुई मतगणना के दौरान उन्हें और उनके प्रतिद्वंदी हितेश बोरा को बराबर मत मिलने की जानकारी दी गई थी।


**सूचना**

**देववाणी संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय त्रियुगीनारायण जनपद रूद्रप्रयाग** के साधारण सभा के सदस्यों को अवगत करवाना है, कि दिनांक 25.08.2025 को प्रबन्ध समिति का गठन किया जाना है।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 1. नामांकन- | प्रातः 10 बजे से 10:30 बजे तक। |
| 2. नामांकन वापसी- | 10:30 से 11:00 बजे तक। |
| 3. नामांकन पत्रों की जांच- | 11:00 बजे से 11:15 बजे तक। |
| 4. मतदान- | 11:15 बजे से 12:00 बजे तक। |
| 5. मतगणना का परिणाम- | 12:15 बजे से 01:00 बजे तक। |

**प्रबन्धक**
देववाणी संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय
त्रियुगीनारायण जनपद रूद्रप्रयाग।


# बीस लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

## चिकित्सा शोध के लिए देहदान आवश्यक: डा. दीपा देउपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइंस फॉर सोसायटी (रामनगर) द्वारा रविवार को नगर निगम सभागार में देहदान, रक्तदान और अंगदान पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज की एनाटॉमी विभाग की प्रमुख डा. दीपा देउपा मौजूद रही।

उन्होने कहा कि चिकित्सा शोध के लिए मृत्यु के बाद देहदान एक अहम कार्य है। उन्होंने बताया कि देहदान से चिकित्सा के छात्र न केवल शोध कर पाते हैं, बल्कि गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में भी मदद मिलती है, जिससे अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला ने देहदान की कानूनी और सामाजिक प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। रौतेला ने अपनी पत्नी रीता खनका रौतेला का उल्लेख करते हुए बताया कि 2023 में कैंसर से पीड़ित होने के बाद उन्होंने देहदान का संकल्प लिया था, और उनकी मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज को उनका देहदान किया। अंत में 20 लोगों ने देहदान का संकल्प पत्र भरा। देहदान का संकल्प पत्र भरने वालों में अधिवक्ता बबीता उप्रेती, गोपाल लोधियाल, हेमलता, संजय रौतेला, पारिजात, किरण आर्य, प्रतिभा पांडे, शांति किशन आर्य, विमला आर्य, अनिल रावत, रविंद्र सिंह, कुंदन सिंह, अर्चना भट्ट, गोविंद राम, चंपा देवी, विनोद जीना, संजय राठौर, हेमचंद्र जोशी, ललित कुमार पांडे और गीता पाल जैसे लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी की ऊषा पटवाल ने किया। इस कार्यक्रम में गिरीश आर्य, हेम आर्य, साइंस फॉर सोसायटी के संयोजक मदन मेहता, अधिवक्ता बबीता उप्रेती, समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, सरस्वती महिला एकता मंच की कौशल्या, महिला मंच की बसंती पाठक, किरण आर्य, प्रभात उप्रेती, नरेंद्र बंगारी, बची सिंह बिष्ट, प्रदीप पांडे, तरुण जोशी, कीर्ति श्रीवास्तव, हरीश चंद्र भट्ट मौजूद थे।

# बागजाला में किसानों का धरना 18 से



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा की बागजाला शाखा की बैठक गांव के एक निजी आवास में आयोजित हुई, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में तय किया गया कि 18 अगस्त से बागजाला गांव में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। यदि धरने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होता, तो आंदोलन क्रमिक अनशन और फिर आमरण अनशन की ओर बढ़ेगा। किसान महासभा पिछले वर्ष नवंबर से बागजाला की जनता के लिए पेयजल, सड़क, विकास कार्यों, जल जीवन मिशन योजना, मालिकाना अधिकार और पंचायत प्रतिनिधि चुनाव जैसे मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है। हालांकि राज्य सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अब अनिश्चितकालीन आंदोलन की दिशा तय की गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा भाजपा सरकार गरीबों के आवास उजाड़ने पर आमादा है। इसलिए जिले के गरीबों को एक मंच पर लाकर संघर्ष करना जरूरी है। वहीं, बागजाला की अध्यक्ष उर्मिला रैस्वाल ने सरकार की गरीबों को डराकर रखने की नीति का विरोध करते हुए जनता से एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पांडे ने भी राज्य सरकार की गरीब हटाओ-बुलडोजर चलाओ नीति की कड़ी आलोचना की और कहा कि इसके खिलाफ व्यापक जन एकता जरूरी है। बैठक में किसान महासभा के कई प्रमुख नेताओं और बागजाला गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारतीय पेसर्स ने वापसी की उम्मीद जताई

## ओवल टेस्टः रूट 105, ब्रुक 111 रन बनाकर आउट, इंग्लैंड को 35 रन चाहिए, 4 विकेट बाकी

**लंदन, वार्ता।** भारत के खिलाफ 374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ओवल टेस्ट जीतने से 35 रन दूर है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ और जैमी ओवर्टन क्रीज पर हैं। जो रूट 105 रन और हैरी ब्रुक 111 रन बनाकर आउट हो चुके हैं।

रविवार को मैच का चौथा दिन है। भारत जीत से 4 विकेट दूर है, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। जैकब बेथल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। हैरी ब्रुक (111 रन) को आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। एक दिन



पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर आलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे। 73वें ओवर में इंग्लैंड ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां जो रूट 105 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने विकेटकीपर ब्रुक जुरेल के हाथों कैच कराया। 69वें ओवर में जो रूट ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने आकाश दीप के ओवर की पहली बाल को डीप स्क्वेयर लेग में खेलकर अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद रूट ने अपने बल्ले को चूमा और फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया और 153 रन बना डाले। 63वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार किया। हैरी ब्रुक ने आकाश दीप के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया। इसी ओवर की चौथी बाल पर आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को सिराज के हाथों कैच कराया। यहां आकाश ने 195 रन की साझेदारी ब्रेक की। शाट खेलने के प्रयास में ब्रुक के हाथ से बल्ला छूआ और वे कैच आउट हो गए। 61वें ओवर में हैरी ब्रूक ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने इस सीरीज में दूसरा शतक लगाया है।



# पाक को हरा द. अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूटीसीएल का खिताब जीता

**● फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया। मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 429 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला। डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाक के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाक

**● पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लिया बड़ा फैसला, भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इन्कार कर दिया था।

इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की। पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आयु धोखाधड़ी रोकने को स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त करेगा बीसीसीआई

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है।

## कोको गॉफ को हराकर म्बोको क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार रात खेले गये मुकाबले में कनाडाई किशोरी म्बोको ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। विश्व में 85वें स्थान पर काबिज म्बोको ने गॉफ को एक घंटे दो मिनट चले मुकाबले में हराया। म्बोको का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला स्पेन की जेसिका बोउजास मानेरो से होगा, जिन्होंने चीन की लिन झू को 7-5, 6-1, 6-2 से हराया। यह मैच वर्षा से बाधित था और मध्य रात्रि से ठीक पहले समाप्त हुआ। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि आज जीतकर मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

# दुबई-अबुधाबी एशिया कप के आयोजन स्थलों में शामिल

**● 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 मैच शामिल है, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी**

**दुबई, वार्ता।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सितंबर में होने वाले एशिया कप के आयोजन स्थलों के रूप में दुबई और अबु धाबी की पुष्टि की है। इसने मैचों के समय की भी घोषणा की है, जो यूएई समयानुसार शाम 6 बजे शुरू होंगे, यानी भारत में शाम 7:30 बजे भारतीय दर्शकों के लिए प्राइम-टाइम देखने का समय।

यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक चलेगा। 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में, जिसमें 19 मैच शामिल हैं, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी। 15 सितंबर को दो मैच निर्धारित हैं यूएई बनाम ओमान और उसके बाद श्रीलंका बनाम हांगकांग। पहला मैच स्थानीय समयानुसार शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे) शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच सामान्य समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। परिणामस्वरूप, दोनों मैचों के कुछ हिस्से अनिवार्य रूप से एक-दूसरे से टकराएंगे। भारत के लीग मैच 10 सितंबर (यूएई के विरुद्ध), 14 सितंबर (पाकिस्तान के विरुद्ध) और 19 सितंबर (ओमान के विरुद्ध) निर्धारित हैं। यह मानते हुए कि भारत और पाकिस्तान अपने ग्रुप में शीर्ष दो टीमें रहेंगी, वे 21 सितंबर को सुपर 4 चरण में फिर से आमने-सामने होंगी। भारत के शेष सुपर 4 मैचों की तारीखें लीग तालिका में उनकी स्थिति पर निर्भर करेंगी। स्थानों और समय की घोषणा करते हुए, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि एसीसी टी20 एशिया कप के स्थान और मैचों का समय घोषित कर दिया गया है! खचाखच भरे स्टेडियमों और कुछ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार है। एसीसी ने एक बयान में कहा कि साल के सबसे बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंटों में से एक में शीर्ष एशियाई क्रिकेट देशों के बीच मुकाबला होने के साथ, यह घोषणा टूर्नामेंट की तैयारियों में एक बड़ा कदम है। प्रतिष्ठित स्टेडियमों से लेकर उत्साही प्रशंसकों तक, पूरे महाद्वीप में रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग, आठ टीमों ने टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# भारत के ओलंपिक भविष्य को आकार देने की कवायद तेज

**● कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग एकजुट हुए**

**हैदराबाद, वार्ता।** दिग्गज कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग भारतीय खेलों के लिए अपनी तरह की पहली प्रशासनिक पहल में एक साथ आए हैं। इस एकीकृत दृष्टिकोण का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मज़बूत करना, बुनियादी ढांचे का अनुकूलन करना और मज़बूत, समग्र खेल विकास के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। एथलीटों के लिए स्पष्ट मार्ग बनाकर और राज्य की प्रगतिशील खेल नीति के साथ तालमेल बिठाकर, यह पहल तेलंगाना को भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं में सबसे आगे रखती है और एक राष्ट्रव्यापी खेल क्रांति की अगुवाई करती है। ये खेल जगत के दिग्गज, प्रमुख प्रशासकों और उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ मिलकर तेलंगाना खेल विकास कोष (टीएसडीएफ) के नवगठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन करते हैं। यह अग्रणी सार्वजनिक-निजी मॉडल जमीनी स्तर की प्रणालियों को मजबूत करने, विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारत के अगली पीढ़ी के चैंपियनों को तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय खाका तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बोर्ड जमीनी स्तर के खेल ज्ञान को संस्थागत और कॉर्पोरेट विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, जिसमें आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष डा. संजीव गोयनका जैसे प्रभावशाली नेता शामिल हैं।

# आईपीएल-2026 में खेलेंगे धोनी

**चेन्नई, वार्ता।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद, तूफानी कप्तान एम एस धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी



**● कहाः ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे**

क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। तो, अब हम काफी व्यवस्थित हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी मजबूत होगी। गायकवाड़ पांच मैच खेलने के बाद कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए थे। धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदल सके( टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ सबसे निचले पायदान पर रही और लगातार बल्लेबाजी करने के लिए संघर्ष करती रही। धोनी ने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। इसलिए, अब हम पूरी तरह से व्यवस्थित हैं।

धोनी ने कहा कि टीम इस साल के अंत में होने वाली मिनी-नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (सीएसके) आईपीएल 2025 में कोई ढिलाई बरती। लेकिन कुछ खामियां थीं जिन्हें हमें दूर करना था। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। कुछ खामियां हैं, और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 8 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ सीएसके का मैच था।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग में शुरुआती संदेशवाहकों डाकियों को दी गई श्रृद्धांजलि

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के मिशन को जारी रखते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी में आज देश भर के 6000 स्थानों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 34वें संस्करण में शुरुआती संदेशवाहकों, डाकियों को श्रृद्धांजलि दी गई। आज आयोजित इस 34वें संस्करण में दशकों से लोगों, स्थानों और कहानियों को जोड़ने वाले भारत के डाकियों, देश के मूल साइकिल चालकों को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय डाक ने अपने 1-5 लाख से अधिक डाकघरों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में साइक्लिग अभियान का आयोजन किया। लगभग 3000 नमो फिट इंडिया क्लबों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अपनी खाकी वर्दी और साधारण साइकिलों के साथ, भारत के डाकिया फिटनेस, विश्वास और सामुदायिक सेवा के शाश्वत प्रतीक बन गए हैं। आज, राष्ट्र ने उनकी विरासत का सम्मान किया और उनके साथ साइकिल चलाई। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुबह सात बजे आयोजित इस कार्यक्रम में शौकिया साइकिल चालकों और भारतीय डाक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विंडीज ने पाक को हराया

**● पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर वेंस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर की**

**लॉडरहिल, वार्ता।** जेसन होल्डर (चार विकेट/16 रन ) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी कर ली है।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ऐलेक ऐथनेज (दो) और जेवेल एंड्रयू (12) रन बनाकर आउट हुये। शरफेन रदरफोर्ड (छह),कप्तान शाई होप (21), रॉस्टन चेज (16), केसी कार्टी (तीन) और रोमारियो शेफर्ड (15) रन बनाकर आउट हुये। गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 28 रन बनाये। जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए 16 रनों की नाबाद मैच विजयी पारी खेली। होल्डर ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शमार जोसेफ दो रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 135 रन बनाकर दो विकेट से मुकाबला जीत लिया। जेसन होल्डर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम आयूब ने दो विकेट लिये।

शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरीः जायसवाल

**● जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैदान पर ज्यादा से ज्यादा समय गुजारूं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया से कहा कि मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती



है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं। जायसवाल ने दो शतक और दो अर्द्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है। जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है वो काबिले तारीफ है।

# श्रीशंकर ने जीता कोसानोव मेमोरियल-2025 एथलेटिक्स मीट में लांग जंप का खिताब



**कजाकिस्तान, वार्ता।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों लॉन्ग जंप का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को 26 वर्षीय भारतीय एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेबल (कैटेगकी सी) मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में ही 7.94 मीटर की विजयी छलांग लगाई। चोट से वापसी के बाद से यह उनकी तीसरी जीत है। फिलीपींस के जैनरी उबास 7.53 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अजरबैजान के नाजिम बाबायेव 7.48 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पिछले साल अप्रैल में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर की यह तीसरी एथलेटिक्स प्रतियोगिता थी। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और इस कारण पिछले साल फ्रांस में होने वाले ग्लोबल ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बाद भी

### लक्सर विधायक ने किया 60 लाख से बनी सड़क का शुभारंभ

# क्षेत्र के हर गांव में बिछेगा सड़कों का जालः शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** विधानसभा लक्सर क्षेत्र के ऐथल बुजुर्ग में विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने इंटरलिंकिंग से बनी सड़क का शुभारंभ करते हुए कहा किक्षेत्र काबुनियादी विकास करना ही उनके पहले प्राथमिकता है और वह जब से लक्सर क्षेत्र के विधायक चुने हैं तब से ही बिना भेदभाव हर वर्ग हर समाज की जन सेवा कर रहे हैं और अपने विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास कर रहे हैं।

लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने ऐथल बुजुर्ग में सरदार निशान सिंह के घर से पर्वतीय बस्ती टीहरी वीस्थापित बस्ती की ओर इंटरलॉकिंग टाइल द्वारा बनाई गई 60 लाख की सड़क का शुभाराम किया जो सड़क पिछले 20 सालों से खराब पड़ी थीगांव में आसपास के लोगों का सड़क से जीना मुश्किल था लेकिन उनसे पहले किसी भी जनप्रतिनिधी दे सड़कों की सुध नहीं ली थी उन्होंने कहा यह सड़क बहुत दिनों से कच्ची पड़ी हुई थी जिस पर चलना भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था उन्होंने कहा



ऐथल बुजुर्ग के लोगों की मांग पर ईस सड़क को बनवाया गया है सड़क में करीब 60 लाख की लागत आई है विधायक के द्वारा बनवाई गई सड़क का ऐथल बुजुर्ग के लोगों ने जोरदार स्वागत किया है ।शहजाद विधायक ने कहा किइससे पहले भी विधानसभा क्षेत्र में जैन प्रतिनिधि चुने जाते रहे हैं लेकिन उन्होंने केवल अपनी जेब भरने का काम किया विधानसभा क्षेत्र के विकास को कोई तवज्जो नहीं दी

**❖ऐथल बुजुर्ग में 20 सालों से खराब पड़ी सड़क पर अब दौड़ेंगे ग्रामीण व आसपास के किसान**

उन्होंने कहा यह सड़क करीब 20 से 25 वर्षो तक कच्ची पड़ी रही किसी भी नेता के द्वारा या जनप्रतिनिधि के द्वारा इस सड़क को नहीं बनवाया गया। उन्होंने कहा लक्सर विधायक के पास हम ईस काम को लेकर गए लक्सर विधायक ने हमारे कहने से इतनी बड़ी करीब 60 लाख की कीमत से बनी सड़क का तुरंत ही अशवासन दिया और आज विधायक के प्रयास से हम अपने खेतों में सही तरीके से निकल आ जा सकते हैं उसके लिए हम लक्सर विधायक को धनयवाद करते हैं शुभारंभ के मौके पर जो ग्रामीण व किसान मौजूद रहे उनमे सरदार निशान सिंह बुद्ध सिंह जयपाल सिंह नाजर सिंह हरदीप सिंह कैप्टन बक्शी सिंह कैप्टन दिलबाग सिंह गुरदीप सिंह अंग्रेज सिंह हिरा सिंह अमित सिंह बलदेव सिंह जागीर सिंह सुरेंद्र सिंह प्रधान काला हसन डॉक्टर अलीजन जाहिद पहलवान आदि दरजनों ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।

## आईएएस दीपक रामचंद्र बने रुड़की के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राज्य सरकार ने रुड़की को नया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दे दिया है। पौड़ी में वर्तमान में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पद पर तैनात आईएएस दीपक रामचंद्र सेठ को बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की भेजा गया है। देर रात शासन द्वारा जारी चार आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए जिनमें रुड़की के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पद पर भी तैनाती की गई है। रुड़की जॉइंट मजिस्ट्रेट पद पद खाली था भगवानपुर एसडीएम डीएस नेगी ही अब तक बतौर एसडीएम रुड़की अतिरिक्त कार्यभार देख रहे थे । रुड़की में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का पद बीते कुछ माह से खाली चल रहा था, जिसे अब तक पीसीएस अधिकारी उप जिलाधिकारी के रूप में देख रहे थे। पिछले काफी दिनों से यह उम्मीद की जा रही थी कि कावड़ यात्रा के बाद इस पद पर शीघ्र ही आईएएस अधिकारी की नियुक्ति रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कर दी जाएगी । और बीती देर रात राज्य सरकार ने चार युवा आईएएस अधिकारियों का तबादले किये जिनमें से दीपक रामचंद्र सेठ को पौड़ी से स्थानांतरित कर रुड़की भेजा गया है। अवगत करा दे की दीपक रामचंद्र सेठ 2022 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे वर्ष 2024 में कुछ दिनो के लिए केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर भी कार्य कर चुके हैं। जो अब रुड़की में बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यभार संभालेंगे।



**2022 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं दीपक**

## ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहीद एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव पहचान की कोशिश के लिए आसपास के थाने और कोतवाली में संपर्क किया गया है। सोशल मीडिया का भी जीआरपी सहारा ले रही है।

रुड़की रेलवे स्टेशन की जीआरपी चौकी प्रभारी प्रीति कर्णवाल ने बताया कि जयनगर से अमृतसर की ओर रविवार सुबह 9 बजे के आसपास शहीद एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी। तभी गंगनहर पुल के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर कांस्टेबल अजय और नौशाद अली मौके पर पहुंचे। जिसके बाद शव पहचान के दस्तावेज देखे गए। लेकिन कुछ भी ऐसा नहीं मिल पाया जिससे शव की पहचान हो सके। इसके बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव पहचान के लिए आसपास के थाने और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

### चौ. भारत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में जूनियर डिविजन एनसीसी की भर्ती

## लेफ्टिनेंट कर्नल अमन के नेतृत्व में 61 छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** चौधरी भारत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरोड़ा में जूनियर डिवीजन एनसीसी की भर्ती की गई कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह के द्वारा आदेशित भर्ती प्रक्रिया में 120 छात्र-छात्राओं ने एनसीसी भर्ती में प्रतिभा किया जिसमें से 61 छात्र छात्राओं का चयन हुआ है।

84 वाहिनी से आए सूबेदार मेजर अमर सिंह की देखरेख में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की गई उनके साथ 84 वाहिनी के जेसीओ राजेश कुमार हवलदार राजेंद्र हवलदार विनोद कुमार ने छात्र-छात्राओं की दक्षता की जांच की और दौड़ लगवा कर छात्र-छात्राओं का चयन किया जिन्होंने योग्यता पास की उनको ही एनसीसी में चयनित किया गया उसके बाद फिजिकल में चयनित छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा कराई गई कॉलेज प्रबंधन चौधरी कुलबीर सिंह ने एनसीसी में भर्ती होने आए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा एनसीसी हमें अनुशासन सिखाती है एनसीसी से हमें सेवा में और अन्य आयाम में नौकरी के अवसर प्राप्त होते है और 84 बटालियन से आए सूबेदार मेजर अमर सिंह,जेसीओ राजेश कुमार हवलदार राजेंद्र कुमार हवलदार विनोद कुमार का धन्यवाद दिया एनसीसी अधिकारी के रूप में चयनित जयलता केयरटेकर एनसीसी ने छात्र-छात्राओं की योग्यता दक्षता की उनके साथ मिलकर जांच की और छात्र छात्रों को एनसीसी के विषय के बारे में



बताया कार्यक्रम का संचालन कैप्टन सुशील कुमार आर्य ने किया इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक सौरभ पवार सुलदीप त्यागी पूजा आर्या गुंजन पवार मनोज कुमार सुमित कुमार और सेकंड ईयर कैडेट्स ने पूर्ण सहयोग दिया इसमें सीनियर दिशिका परमार गीतू प्रजापति वंशिका खुशी यशवंत सिंह साकिब अली अक्षय कुमार प्रिंस यादव कशिश गीतू प्रजापति मोनिका गौरवीत आदि ने पूर्ण सहयोग दिया।

## खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों की ओर से 1 1 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम कोटवाल आलमपुर में पुरानी रंजिश को लेकर 2 अगस्त शनिवार को सुबह लगभग 8:30 बजे हुए झगड़े में बाप बेटे को गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में दोनों ओर से थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पक्ष की ओर से तीन तथा दूसरी पक्ष की ओर से आठ लोगों को नाम जद किया गया है। ग्राम कोटवाल आलमपुर में शनिवार सुबह लगभग 8:30 बजे पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में गाली गलौज के बाद गोली चल गई ।गोली लगने से बाप बेटे घायल हो गए थे। घायलों को इलाज हेतु परिजनों द्वारा सिविल हॉस्पिटल रुड़की में लाया गया था। जहां से डॉक्टरों द्वारा दोनों गंभीर घायलों को ऋषिकेश एम्स में रेफर कर दिया गया था । थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक पक्ष की ओर से तेजपाल सिंह द्वारा तहरीर देकर बलिस्टर पॉलिएस्टर तथा सनोज के खिलाफ घर पर चढ़कर बाप बेटे सुशील कुमार तथा वंश को जान से मारने की नीयत से गोली मारने की तहरीर दी गई थी। दूसरी ओर से महेंद्र सिंह द्वारा तेजपाल सिंह सतपाल सिंह संदीप विनीत कुमार सुशील कुमार वंश कुमार वैभव तथा विनीत के खिलाफ तहरीर दी गई थी ।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नाबालिग युवती को दरगाह क्षेत्र से सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने घर से बिना बताए आई नाबालिग को दरगाह क्षेत्र से शकुशल बरामद कर परिजनों के सपुर्द किया। लड़की को सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दो अगस्त को एक नाबालिग सबिया पुत्री दिलशाद निवासी खान आलमपुरा थाना जनकपुरी सहारनपुर अपने घर से बिना बताए कलियर आ गई थी। दरगाह क्षेत्र में उसको अकेला घूमते हुए पाए जाने पर थाना लाया गया। जहां से पूछताछ पर पता लगा कि नाबालिग लगभग चार दिन से अपने घर से बिना बताए आ गई थी। अन्य कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। पुलिस मेन्यूअल पुलिसिंग के जरिए नाबालिग के परिजनों का पता किया। पिता दिलशाद ने बताया कि उनकी नाबालिग साबिया चार दिन से बिना बताए घर से चली गई थी।जिसकी उन्होंने काफी तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था।उन्होंने बताया कि दिलशाद थाने पर आया साबिया को उसके पिता के सुपुर्द किया गया। नाबालिग का पिता दोनों आंखों से देख नहीं पाता है। उसने अपनी लड़की को सकुशल मिलने पर उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। टीम हेड कांस्टेबल सोनू कुमार ,भादू राम सरिता राणा , सोफिया अंसारी मौजूद रही।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पीड़ित के पुत्र गैर इरादेतन हत्या करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यूपी मुरादाबाद के जाहिदनगर करूला थाना कटघर निवासी राजू ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र समीर एक अप्रैल को मोहम्मद सत्तार ,आदील, मोहम्मद उवेश,और मोहम्मद वसीम निवासी जाहिदनगर करूला मुरादाबाद यूपी के साथ साबिर पाक की जियारत करने के लिए आया था।दो अप्रेल को इन लोगों ने पड़ोस में रहने वाली एक लड़की के पास आकर बताया कि समीर कलियर गंगनहर में डूब गया है।इसकी जानकारी लड़की ने अपने भाई तालिब को बताया।और उसके घर भेजकर समीर के गंगनहर में डूबने की सूचना दी।उसके बाद परिजनों ने कलियर गंगनहर में समीर की काफी तलाश की लेकिन उसका पता नही चल पाया है। परिजनों ने उसके साथियों से काफी पूछताछ की लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया।जिसके बाद उसने ने दो अप्रैल को अपने पुत्र की गुमशदगी दर्ज करने के लिए एक पत्र पुलिस को दिया।पुलिस ने उसके पुत्र का शव गंगनहर से बरामद कर लिया था।आरोप है कि उसके साथियों ने उसके पुत्र की हत्या कर शव को गंगनहर में फेंक दिया है। ओर उसे एक दुर्घटना का रूप दिया जा सके। पुलिस को ओर से कोई कार्रवाई नही की गई।।4 अप्रैल को पीड़ित ने एसएसपी हरिद्वार को भी पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई नही होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने पति की गुमशुदगी को अपहरण में कराया तरमीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महिला ने अपनी पति की गुमशुदगी को अपहरण में तरमीम कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली को रितु निवासी शेखपुरी0 ने तहरीर देकर बताया कि पति युद्धवीर सिंह (33) 20 अप्रैल 2024 को दोपहर चार बजे घर से बाजार के लिए निकले थे। लेकिन आज तक पति का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने अब तहरीर मिलने पर गुमशुदगी को अपहरण में तरमीम कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती घर से लापता प्रेम प्रसंग की आशंका

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** 21 वर्षीय युवती शनिवार दोपहर घर से बाहर जाने के बाद लापता हो गई। परिवार ने पुलिस को पुत्री के लापता होने के संबंध में गुमशुदगी दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि 21 वर्ष से पुत्री शनिवार दोपहर 12:30 बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। पुत्री की सहेली से पूछताछ की तो पता चला कि एक युवक के संपर्क में पुत्री थी। आरोप है कि युवक काफी समय से पुत्री को परेशान कर रहा था और पीछा भी करता था। परिवार का आरोप है की पुत्री का युवक ने अपहरण किया है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि लापता युवती की तलाश की जा रही है। संदिग्ध फोन नंबर की आखिरी लोकेशन और कॉल डिटेल को खंगाल जा रहा है।

## आध घंटा बारिश से क्षेत्र में हर तरफ पानी ही पानी

**शाह टाइम संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** नारसन क्षेत्र में बीती दोपहर लगभग तीस मिनट तक हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के कारण खेत जलगम्न हो गए है। नारसन कस्बे में सर्विस रोड पर पानी भर गया जिससे राहगीरो को काफी परेशानी झेलनी पड़ी ।वही बारिश मोहम्मदपुर गांव में पानी की उचित निकासी न होने के कारण कई घरों में बारिश का पानी घुस गया। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मोहम्मदपुर गांव के निवासियों ने बताया कि बारिश इतनी तेज थी कि देखते ही देखते गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। गांव में जल निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण यह पानी तेजी से घरों में घुसने लगा। लोगों को अपनी गृहस्थी का सामान बचाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घरों में तो घुटनों तक पानी भर गया।

## प्राचीन शिव मंदिर में महारुद्राभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित प्राचीन नंदा वाला बाग शिव मंदिर में रविवार सुबह महा रुद्राभिषेक व हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन करते हुए भगवान शिव से देश में सुख शांति की कामना की गई।। कस्बे में स्थित नंदा वाला बाग शिव मंदिर में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार करते हुए रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के बाद हवन यज्ञ कर सुख शांति की कामना की गई। हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित सुनील शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर हवन यज्ञ करने से मनुष्य की सभी मनोकामना पूरी होती है। भगवान शिव को श्रावण मास में जलाभिषेक कर बेलपत्र दूध दही शहद चढ़ाने मात्र से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव कल्याणकारी देवता है।

## मां गंगे ब्लड बैंक ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए माँ गंगे ब्लड बैंक जगजीतपुर की ओर से रविवार को त्यागी हॉस्पिटल सुल्तानपुर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर के दौरान ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदाताओं की चिकित्सकीय जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया डॉ आशीष नेगी ने बताया कि एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाएगा उन्होंने लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा हम सभी को रक्तदान करना चाहिए रक्तदान को सबसे बड़ा महादान माना गया है जिससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है लोकेश कुमार ने कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में रक्त की कमी ना हो ब्लड बैंक की टीम और अस्पताल प्रशासन ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।

## शहीदों के सम्मान में दी उत्तराधिकारियों ने श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/भगवानपुर।** देश के अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की याद में प्रत्येक माह के पहले रविवार को चलाए जा रहे '10 बजे 10 मिनट शहीदों के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत आज अगस्त माह के प्रथम रविवार को रुड़की व भगवानपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के उत्तराधिकारियों ने भाग लेकर अपने पूर्वजों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रुड़की में मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक सुनहरा वटवृक्ष पर आयोजित किया गया। यहां स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार वालो ने राष्ट्रगान के बाद शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### देवभूमि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए

## मेडिकल स्टोर संचालकों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में "नशा मुक्त देवभूमि अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। थाना पिरान कलियर क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत कलियर, धनौरी, ईमली खेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित सभी मेडिकल स्टोरों के संचालकों के साथ चौकी धनौरी में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मेडिकल संचालकों को बताया कि युवाओं में बढ़ता नशे का चलन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ड्रग्स और नशीली दवाओं की अवैध बिक्री युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रही है, जिस पर नियंत्रण आवश्यक है। सभी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी नशीली दवा या इंजेक्शन बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के न बेचा जाए। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित मेडिकल स्टोर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिस ने संचालकों से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध युवक या युवती ड्रग्स या नशीली दवाओं की मांग करता है, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से



लगाए जाएं, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। पुलिस की इस पहल को स्थानीय जनता और मेडिकल स्टोर संचालकों ने सकारात्मक रूप में लिया, और सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## इनर व्हील ने किया हरित धारा कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इनर व्हील क्लब स्पार्कल द्वारा रविवार को हरित धारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसने प्लास्टिक को रियुज,रिड्यूस और रिसाइकल करने तथा एंजाइम तैयार करने का प्रशिक्षण भी विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों ने लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया।

सिविल लाइंस स्थित प्रेम मंदिर में इनर व्हील क्लब स्पार्कल्स जोन 10 के अंतर्गत आयोजित "हरित धारा" कार्यशाला में सीमा जैन ने प्लास्टिक को रीयूज, रिड्यूस और रीसायकल करने,तथा बायो एंजाइम तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। वहीं निशा सुराना ने सीड्स बॉल्स बनाने की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि प्लास्टिक इस पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है हमें प्रयास करना चाहिए कि इसका इस्तेमाल न करें। कार्यक्रम में एम्स ऋषिकेश के डॉक्टर डॉ. श्रेया, डॉ. दीपा, डॉ. महिपाल और डॉ. आलोक ने नेत्र रोगों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी और सभी सदस्यों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया और उन्हें शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में उपस्थित 26 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया और



जल्द कागजी प्रक्रिया पूरी कर इस कार्य में अपना योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में जोनल काउंसलर शशी कौर,जेडसीसी रमा भार्गव, नीलम मधोक,सीमा भाटिया आदि मौजूद रही।

# चुनावी साख का सवाल

एसआईआर को लेकर न चुनाव आयोग पीछे हटता दिखाई दे रहा है न विपक्ष, संसद भी ठप पड़ी हुई है। वहां पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, क्योंकि जो विपक्ष चाहता है उस प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से बहस हो, तो वहीं सत्ता पक्ष चुनाव आयोग को निष्पक्ष संस्था बताकर बहस से पल्ला झाड़ रहा है, उसका कहना है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था है, उसके ऊपर संसद में बहस नहीं हो सकती। बड़ी अजीबोगरीब गुत्थी उलझी हुई है। इससे स्थिति और जटिल होती जा रही है। कांग्रेस नेता एवं सांसद सौरव गोगोई का कहना है कि सरकार का यह कहना कि चुनाव आयोग किसी विभाग के अंतर्गत नहीं आता, इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती बेतुकी बाते हैं। जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पीएम और सरकार करते हैं, तो ऐसे में जवाबदेही भी बनती है। उनका कहना है कि जब विपक्ष यह चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में चर्चा हो तो सरकार क्यों टाल मटोल कर रही है। जाहिर है इससे जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। बात बिल्कुल सही है, आखिर जब विपक्षी दलों और जनता का ही भरोसा चुनाव आयोग पर नहीं रहेगा, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव के परिणामों पर जनता कैसे विश्वास कर पाएगी। निश्चित रूप से इस तरह के हालात से जो स्थिति पैदा होगी वह हमारे लोकतंत्र के लिए बेहद घातक हो सकती है। इस तरह की बातों से लोकतंत्र कदापि मजबूत नहीं होता। भले ही हम इस बात का दंभ भरते रहें कि हम दुनिया में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन हमारे लोकतंत्र की साख इस तरह की बातों से बुरी तरह प्रभावित होती है। देखने में भी आ रहा है कि चुनाव आयोग कुछ वर्षों से उस तरह काम नहीं कर रहा है जिस तरह एक लोकतांत्रिक देश में करना चाहिए और अब तो हालात ऐसे हो चले हैं कि चुनाव आयोग और तमाम विपक्ष सड़क से लेकर संसद और संसद से लेकर कोर्ट तक हल्ला काटे हुए हैं, लेकिन चुनाव आयोग अपनी बात से टस से मस होता दिखाई नहीं दे रहा है। आखिर कोई भी प्रक्रिया कितनी भी अच्छी और मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें लोगों का भरोसा नहीं है तो उसकी अच्छाई और मजबूती का कोई मतलब नहीं रह जाता। चुनाव आयोग को यह समझना ही होगा। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह तमाम राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आगे बढ़े न कि उनसे उलझे। कोई भी अकेला आदमी सबकुछ ठीक नहीं कर सकता, सबके सहयोग से ही ठीक किया जा सकता है। चुनाव आयोग को किसी का भी प्रतिद्वंद्वी नहीं बनना चाहिए। यही बात सरकार पर भी लागू होती है। सरकार चलाना और चुनाव प्रक्रिया दोनों अलग चीजें हैं। संविधान ने उसे सरकार से पृथक शक्ति इसलिए ही दी थी, ताकि वह किसी के दबाव में काम न करे। आज सबकुछ उलट हो रहा है। सबसे बड़ी खामी तो उस चुनाव प्रक्रिया में आ गई, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस प्रक्रिया से बहाल किया गया, यह तभी तय हो गया था कि चुनाव आयुक्त वही बनेगा, जिसे सरकार चाहेगी।

## दुष्कर्मियों को संरक्षण न दें भाजपा सरकारें



जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं, श्री मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं, 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिंदा जला दिया, बच्ची को दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया, बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था, ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट





**वाहिद नसीम**

अर्थव्यवस्था युद्ध बन चुकी है, और कर्ज नए टैंक हैं। यह बात सिर्फ एक मुहावरा नहीं है, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की उस रणनीति का सार है, जिसे दुनिया अब धीरे-धीरे समझ रही है।

**ट्रंप की टैरिफ थ्रेट नीति**

यानी जो देश चीन या ब्रिक्स की ओर झुके, उन पर भारी व्यापारिक कर लगाओ यह केवल वाणिज्यिक हथियार नहीं, बल्कि IMF और वर्ल्ड बैंक के पुराने औपनिवेशिक वित्तीय मॉडल का नया संस्करण है। ट्रंप और उनके सलाहकार जानते हैं कि अमेरिकी बाजार को खो देना, अमेरिका की आधी शक्ति को गंवा देना है। इसलिए जो देश डॉलर से हटकर युआन, रुपये या डिजिटल ब्रिक्स मुद्रा की तरफ बढ़ते हैं, उन्हें कर्ज, प्रतिबंध, या युद्ध की धमकी के जरिए वापस खींचा जा रहा है।

आज अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक क्षेत्र तेजी से पराजय की ओर बढ़ रहे हैं। जर्मनी की कार फैक्ट्रियां एशिया की सस्ती बैटरी से हार रही हैं, ब्रिटेन की स्टील मिलें सस्ते रूसी-चीन उत्पादों से जूझ रही हैं। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ रणनीति असल में वक्त खरीदने की कोशिश है ताकि अमेरिका नए उत्पादन हब तैयार कर सके, और ब्रिक्स की गति को धीमा किया जा सके, लेकिन महंगाई, डॉलर के लिए अब सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अमेरिकी घरेलू बाजार की महंगाई ट्रंप की नीति का सबसे आत्मघाती परिणाम साबित हो रही है, जिसका आर्थिक व राजनीतिक नुकसान अमेरिका को ही झेलना पड़ेगा।

**कर्ज और कब्जा-ट्रंप और यहूदी बैंकिंग लॉबी का समझौता**

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।

**सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।**

तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका-1945 की पुनरावृत्ति उलटी दिशा में। 1945 में अमेरिका ने हिरोशिमा-नागासाकी में परमाणु हमला कर दुनिया को अमेरिकी राज के अधीन कर दिया था, लेकिन अब, इतिहास पलट रहा है। अगर तेल अवीव-लंदन लॉबी और यहूदी वित्तीय अभिजात वर्ग ने ट्रंप के जरिए रूस-चीन को तीसरे विश्व युद्ध में घसीट लिया। तो यह नया 1945 बन सकता है, लेकिन इस बार रूस और चीन का अधिपत्य होगा, क्योंकि यूक्रेन में रूस ने नाटो के हथियारों को थका दिया, और गाजा में इजराइल की सैन्य अपराजेयता का भ्रम टूट गया। अब चीन और रूस के पास नए हथियार नई तकनीक और नई वैचारिक धार है, जो पश्चिम के मूल्य आधारित व्यवस्था को मटियामेट कर सकती है।

ब्रिक्स अब यह समझ चुका है कि युद्ध केवल गोली से नहीं, ऋण और व्यापार से भी लड़ा जा रहा है, यदि ब्रिक्स में कोई देश बना रहना चाहता है या शामिल होना चाहता हो तो उसे अपनी मुद्रा, अपने बाजार, और अपने गठबंधनों को धार्मिक-मूल्य आधारित युद्धों से दूर रखना होगा और अरब किंगडम्स को भी समझना होगा कि इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका अब विश्वसनीय छतरी नहीं है, क्योंकि अब छत्र बन चुका है चीन-रूस, जो दुनिया को न केवल हथियारों में, बल्कि विचारों में भी पुन बदलाव का मौका दे रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीति और कूटनीतिक चालों पर बारीक नजर रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# छाया मंत्रिमंडल: विपक्ष की राजनीति में जिम्मेदारी

**यह दृष्टिकोण आलोचना से कहीं आगे जाकर जनता को यह भरोसा दिलाता है कि विपक्ष न केवल विरोध कर रहा है, बल्कि शासन की जिम्मेदारी के लिए भी तैयार है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, पश्चिम बंगाल में भाजपा, केरल में कांग्रेस गठबंधन इन सभी राज्यों में विपक्ष के बड़े दल हैं। इन राज्यों में भी विपक्ष अपने-अपने स्तर पर छाया मंत्रिमंडल का गठन करके यह दर्शा सकता है कि वह राज्य की जनता के लिए केवल नारे नहीं, समाधान भी प्रस्तुत कर सकता है।**



**वीरेश तरार**

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसमें सत्ता का कोई रूप स्थाई नहीं होता। कल जो विपक्ष में था, वह आज सरकार चला सकता है और जो सरकार में है, वह कल विपक्ष की भूमिका निभा सकता है, लेकिन इस आवागमन का आधार केवल विरोध नहीं, बल्कि विकल्प होना चाहिए। एक रचनात्मक विकल्प, जो यह दिखा सके कि विपक्ष यदि आज सत्ता में होता, तो वह जनता की समस्याओं को कैसे हल करता। इसी जरूरत को दुनिया के कई परिपक्व लोकतंत्रों ने एक सुव्यवस्थित तरीके से समझा और उसे अपनाया छाया मंत्रिमंडल या शैडो केबिनेट के रूप में।

छाया मंत्रिमंडल का विचार पहली बार औपचारिक रूप से ब्रिटेन में स्थापित हुआ। वहां की संसदीय प्रणाली में, जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो मुख्य विपक्षी दल अपने वरिष्ठ नेताओं को सरकारी मंत्रालयों के समकक्ष श्छाया मंत्रीश के रूप में नियुक्त करता है। जैसे सरकार का एक गृह मंत्री होता है, वैसे ही विपक्ष का 'शैडो होम सेक्रेटरी' होता है। यह छाया मंत्री न केवल संबंधित विभाग की नीतियों और फैसलों की निगरानी करता है, बल्कि लगातार यह बताता भी है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में होती, तो वह इन मुद्दों को कैसे हल करती।

ब्रिटेन में लेबर पार्टी और कंजरवेटिव पार्टी के बीच सत्ता का आना-जाना आम बात है, और छाया मंत्रिमंडल की यह प्रणाली इस लोकतांत्रिक परिपक्वता की रीढ़ बन गई है। यह केवल एक संस्थागत परंपरा नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र में जवाबदेही की एक सशक्त मिसाल है। इस परंपरा के कारण विपक्ष केवल आलोचक नहीं, बल्कि संभावित प्रशासक की भूमिका में रहता है। और यही उसे जनता के बीच एक विकल्प के रूप में स्थापित करता है। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया और जमैका जैसे देशों में भी छाया मंत्रिमंडल की परंपरा मौजूद है। इनमें से अधिकांश देशों ने ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को आधार मानकर यह प्रणाली अपनाई है। इन देशों में जब सरकार बदलती है, तो अक्सर छाया मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य ही नए मंत्रिमंडल में असली मंत्री बन जाते हैं। इस प्रकार छाया मंत्रिमंडल न केवल शासन की तैयारी करता है, बल्कि जनता को यह भरोसा भी देता है कि विपक्ष जिम्मेदार और तैयार है।

भारत में अब तक छाया मंत्रिमंडल का कोई औपचारिक ढांचा नहीं बन पाया है। संविधान में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही संसद में इसके लिए कोई अधिकारिक प्रक्रिया है। विपक्षी दल कभी-कभार किसी मसले पर प्रवक्ता नियुक्त करते हैं, या कुछ नेता कुछ विषयों पर ज्यादा मुखर होते हैं, लेकिन इसे संगठित और नीति-आधारित ढांचे का स्वरूप नहीं मिल पाता। यह स्थिति उस समय और विडंबनापूर्ण लगती है जब हम देखते हैं कि हमारे देश में नीतिगत विमर्श की जगह बयानबाजी, विरोध, सड़कों पर प्रदर्शन और संसद में हंगामे ने ले ली है। विपक्ष के पास न केवल यह अधिकार है कि वह सरकार की आलोचना करे, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि वह जनता को यह दिखाए कि उसका दृष्टिकोण क्या है, उसका समाधान क्या है। और इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए छाया मंत्रिमंडल एक अत्यंत प्रभावी साधन हो सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। पिछले कई वर्षों से वह सत्ता से बाहर है, लेकिन इस दौरान उसने नीतिगत विपक्ष के रूप में अपनी छवि को बहुत कम ही निखारा है। उदाहरण के लिए, वर्तमान समय में प्रदेश में माध्यमिक स्कूलों की बंदी, निजी विद्यालयों की मनमानी फीस, और ग्रामीण शिक्षा की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे उभरकर सामने आए हैं। अगर समाजवादी पार्टी अपना छाया शिक्षा मंत्री नियुक्त करती, और यह बताती कि उनकी सरकार होती तो वे शिक्षा व्यवस्था को किस रूप में संचालित करते, तो जनता को एक वैकल्पिक मॉडल देखने को मिलता। ऐसे ही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसान आत्महत्याएं, नगर निकायों की अराजकता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी छाया मंत्रिमंडल के माध्यम से विपक्ष अपनी नीतिगत सोच को सामने ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिसका दोस्त अमेरिका, उसे दुश्मन की क्या जरूरत



**तनवीर जाफरी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फिराक में तो जरूर हैं परन्तु उनके फैसले व बयानों से यही नजर आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। खासकर चूंकि वे स्वयं एक व्यवसाई पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिए उनके अनेक फैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ देखने को मिलता है।

इत्तेफाक से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी शविश्व कीर्तिमान श बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे। 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था।

बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वे विश्व शांति दूत बनने की फिराक में युद्ध रत देशों के बीच युद्ध विराम करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में टैरिफ बम छोड़ कर भी अनेक देशों को



विचलित कर दिया है। खबरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवत: 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग-अलग कारणों से टैरिफ लगाने के अतरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो गैर जिम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली। यह कदम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य खरीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के खिलाफ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है।

इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराजगी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही मृत अर्थव्यवस्था Dead economy बताने पर ट्रंप को कोई माकूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने जरूर ट्रंप को धमकी भरा जबरदस्त जवाब दे दिया। मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फिल्म द वॉकिंग डेड याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि डेड हैंड कितना खतरनाक हो सकता है। दरअसल डेड हैंड शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताकत को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मृत करार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी।

उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की डेड हैंड चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कदम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाजी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित जरूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था कहने का क्या अधिकार है? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ सहित और भी कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7 प्रतिशत अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9 प्रतिशत की तुलना में कहीं ज्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है। सच पूछिए तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुजर रहा है उसका कारण भी यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाए इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हां, युद्ध के आखरी दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह जरूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिए 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गांधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े जरूर कर दिए। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका दोस्त अमेरिका हो उसे दुश्मन की जरूरत ही क्या है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिकी राष्ट्रपति का अजब-गजब अंदाज

# ट्रम्प-फोबिया

## 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे

- टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर लिया यू-टर्न
- कोर्ट 200 से ज्यादा फैसलों पर लगा चुका है रोक
- यूक्रेन और गाजा को लेकर भी अनिश्चिता बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सत्ता में आए 194 दिन ही हुए हैं, लेकिन उनका यह कार्यकाल उथल-पुथल और यू-टर्न से भरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा अस्थिरता टैरिफ नीतियों में दिखी है। अब तक ट्रम्प टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर यू-टर्न ले चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने अब तक रिकॉर्ड 178 एग्जीक्यूटिव आर्डर साइन किए हैं, यानी हर एक दिन लगभग एक नया आदेश दिया है।

इनमें से 34 फैसले ऐसे हैं जो खुद ट्रम्प ने पलटे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिसर्च फंडिंग पर रोक के आदेश को महज 3 दिन में ही पलटा गया। गैस और ऊर्जा क्षेत्र में दी गई राहतों को वापस लेने के फैसले पर भी दो हफ्ते बाद यू-टर्न ले लिया। अवैध प्रवासियों पर क्रैकडाउन से लेकर, टैरिफ और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों तक, ट्रम्प ने अपने आदेशों से कई बार यू-टर्न लिया है। ट्रम्प के यू-टर्न के चलते सबसे ज्यादा भ्रम इंडस्ट्री वर्ल्ड में है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद सोमवार देर रात कई एग्जीक्यूटिव आर्डर पर दस्तखत किए थे। इन फैसलों की तेजी और विरोधाभास का नतीजा यह है कि अदालतों में ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ केस की बाढ़ आ गई है। अमेरिका की संघीय अदालतों पर अचानक फैसला-पलटने और कानूनी विरोध का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नाम पर जो फैसले लिए, उन पर यू-टर्न लेकर प्रशासन को उलझन और जनता को भ्रम की स्थिति में डाल दिया है। ट्रम्प के बिना सोचे-समझे लिए फैसलों पर कोर्ट भी सख्त है। कोर्ट अब तक ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं में 200 से ज्यादा मामलों पर स्टे लगा चुका है। इनमें से अधिकांश केस में संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप कर नीतियों को असंवैधानिक या जल्दबाजी में लिया गया पाया। उदाहरण के तौर पर बर्थ-राइट सिटिजनशिप को समाप्त करने की कोशिश पर कई फेडरल जजों ने तत्काल रोक लगा दी।



### गाजा में 24 घंटे में युद्ध खत्म करने का किया था वादा

**डोनाल्ड** ट्रम्प ने गाजा युद्ध को 24 घंटे में खत्म करने को वादा किया था पर राष्ट्रपति बनने के 6 माह बाद भी रोक नहीं पाए। चार फरवरी को गाजा के नागरिकों के पुनर्वास की बात कही। 21 फरवरी को कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा। 12 मार्च को फिर पलटे। डिपोर्टेशन-22 जनवरी को अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन का आदेश दिया।

# इजरायली मंत्री ने अल-अक्सा में की प्रार्थना

> अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद, यहां यहूदियों के प्रार्थना करने पर रोक, बेन-ग्विर इजरायल के सबसे विवादित नेता

**तेल अवीव।** इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद के कैंपस में जाकर प्रार्थना की। एक यहूदी संगठन ने इसका वीडियो जारी किया, जिसमें ग्विर कुछ लोगों के साथ मस्जिद कैंपस में घूमते और प्रार्थना करते नजर आए। मक्का और मदीना के बाद अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद है। नियमों के मुताबिक, यहूदी लोग यहां जा सकते हैं, लेकिन प्रार्थना नहीं कर सकते।

सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ता देख इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये नियम नहीं बदले हैं और न ही बदलेंगे। बेन-ग्विर का यह दौरा 'तिशा बाव' के दिन हुआ, इस दिन यहूदी लोग प्राचीन मंदिरों के तबाही की याद में उपवास करते हैं। बेन-ग्विर ने कहा कि उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल की जीत और बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गाजा पर पूरी तरह कब्जा करने की मांग भी दोहराई। इस परिसर की देखभाल करने वाली संस्था ने बताया कि बेन-ग्विर सहित 1250 लोग वहां गए और कुछ ने प्रार्थना की, नारे लगाए और डांस किया। वहीं, फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैन ने इस दौरे की निंदा की और इसे 'सारी हदें पार करने वाला' बताया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से दखल देने और गाजा युद्ध रोकने की मांग की। अल-अक्सा मस्जिद येरुसलम में स्थित है। जार्डन की एक धार्मिक संस्था इस मस्जिद कैंपस को संभालती है। 1967 में इजरायल जंग के बाद जार्डन और इजरायल के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें तय हुआ था कि अल-अक्सा मस्जिद के भीतर के मामलों पर जार्डन के इस्लामिक वक्फ ट्रस्ट का कंट्रोल रहेगा।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सतर्कता बरतते सुरक्षाकर्मी।

## सिडनी में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन में असांजे शामिल हुए: रिपोर्ट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता और विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रविवार को सिडनी में फलस्तीनी के समर्थन में आयोजित एक व्यापक प्रदर्शन में शामिल हुए। समाचार पत्र द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सिडनी के लॉर्ड मेयर क्लोवर मूर और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी क्रेग फोस्टर सहित हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी लोगों के समर्थन में सिडनी हार्बर ब्रिज पर शांतिपूर्वत तरीके से इस प्रदर्शन का आयोजन किया। मेलबर्न में 25000 लोगों के इस फलस्तीनी समर्थक रैली में शामिल होने की रिपोर्टें हैं। गौरतलब है कि पिछले माह के अंत में, ऑस्ट्रेलिया सहित 15 देशों के विदेश मंत्रियों ने फ्रांस और सऊदी अरब की सह-अध्यक्षता में आयोजित एक सम्मेलन के बाद फलस्तीनी को औपचारिक रूप से मान्यता देने का आह्वान किया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 25 जुलाई को, घोषणा की थी कि फ्रांस सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीनी को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान करेगा।

# गाजा में भूखमरी व नरसंहार को लेकर विरोध प्रदर्शन

## प्रदर्शन के दौरान महिलाएं मुंह पर टेप लगाकर हाथों में तख्तिया लेकर समुद्र के किनारे खड़ी थी

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में महिलाओं ने मदर्स4गाजा के बैनर तले मौन विरोध प्रदर्शन किया और गाजा में भुखमरी तथा नरसंहार की निदा की। प्रदर्शन के दौरान महिलाए मुंह पर टेप लगाकर समुद्र के किनारे खड़ी थीं और उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सामूहिक रूप से 'नरसंहार रोको' लिखा था।

कुछ महिलाओं के हाथों में दुर्बल बच्चों और वयस्कों की तस्वीरें थीं जो कथित तौर पर भोजन और मानवीय सहायता पर इज़रायली नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य गाजा में चल रहे मानवीय संकट की ओर ध्यान आकर्षित करना और फलस्तीनी माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता व्यक्त करना था। मदर्स4गाज़ा की सदस्य आइ. रीन नाइट ने कहा कि वे फलस्तीनी में माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता दिखाना चाहती हैं। फलस्तीनी में बहुत तबाही हुई है। बमबारी और भुखमरी हुई है-ये सब इज़रायली शासन के कारण हुआ है' उन्होंने कहा 'लेकिन दुनिया में इसे रोकने की कोई जल्दी नहीं दिखती और हम इसका विरोध करने यहां आए हैं।' उन्होंने पश्चिमी देशों की सरकारों से इज़रायल को धन और हथियार देना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो सरकारें और संस्थाएं चुप रही हैं और इसमें शामिल रही हैं, उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। इस नरसंहार को रोकना होगा। इज़राइल को फलस्तीनी का विनाश करने से रोका जाना चाहिए।



## गाजा में भूखमरी व हिंसा की दोहरी मार

> भूख मिटाने गए लोगों पर इजरायल सेना ने बरसाई गोलियां 18 नागरिकों की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा में मानवीय संकट अब और भयावह हो गया है। इजरायली फायरिंग में कम से कम 18 फलीस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आठ लोग केवल भोजन लेने के लिए मदद केंद्र पर पहुंचे थे। यह गोलीबारी उस समय हुई जब लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास खाद्य सहायता पाने के लिए जुटे थे। वितरण केंद्र के वितरण स्थल के पास सहायता मांगने आए याहिया यूसुफ ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को गोली लगने के बाद बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि यह अब रोज की कहानी बन गई है।

हर दिन यहां खून और लाशें दिखती हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति आबेद सलाह ने कहा कि वे सैनिकों के पास भी नहीं गए थे, फिर भी उन पर फायरिंग हुई। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उनके साइट के पास ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इजरायल की सेना का भी दावा है कि उन्होंने केवल चेतावनी स्वरूप फायरिंग की। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 27 मई से 31 जुलाई तक गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन केंद्रों के पास 859 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य खाद्य काफिलों के रास्तों में जान गंवा चुके हैं। वहीं, इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 10 अन्य लोगों की मौत हुई, जिनमें एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। यह हमला देइर अल-बलाह और जवादिया के बीच एक घर पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे मारे गए। इसके साथ ही खान यूनिस के पास एक टेंट पर हमला कर मां-बेटी को भी मौत के घाट उतार दिया गया। गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए कई देश अब हवाई ड्राप का सहारा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी है। केन्द्र ने बताया कि ओक्साका में अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 17:58: बजे पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र 17.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.96 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर था।

### चीन: इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**नाननिंग।** दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग क्षेत्र के वुझोउ शहर में रविवार सुबह एक आवासीय इमारत में आग लगने से पाँच लोगों की मौत हो गई। जिला आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शहर के लोंगक्सू जिले में एक पांच मंजिला इमारत के भूतल पर सुबह लगभग 8:30 बजे आग लग गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

### रूस ने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने चार घंटे से भी कम समय में कई क्षेत्रों में यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कल देर रात यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रूस समयानुसार रात आठ बजे से 11:25 बजे के बीच इन ड्रोनों को मार गिराया गया।

### पाक में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाक के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आतंकियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2:30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुई, जहां आतंकियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी।

## खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की अमेरिका में मौत

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसाई और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है।

उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम (जनमत संग्रह) का खुलकर विरोध कर रहे थे। सुखी 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम का विरोध कर रहे थे। जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही थी। 'द खालसा टुडे' के संस्थापक और सीईओ सुखी को खालिस्तानी समर्थकों से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

# पाक ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का किया समर्थन

## दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने के ईरान के अधिकार का समर्थन करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजे. शिकयन इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है। यही मुद्दा हाल ही में ईरान और इस्रा. इल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ बना हुआ है। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा हासिल करने के ईरान के अधिकार के साथ खड़ा है। शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दे रखा है और वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जता रहा है। जून महीने में इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के कुछ अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अपना सहयोग रोक दिया था। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरान के खिलाफ इस्रा. इली हमलों की निंदा की और कहा



### ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है: शहबाज शरीफ

कि ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। उन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की भी आलोचना की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम देशों से अपील की कि वे वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर ध्यान दें। शरीफ ने बताया कि दोनों देशों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और ईरान का लक्ष्य सालाना 10 अरब अमेरिकी डालर का व्यापार करना है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी बात. चीत की और सीमा पर उग्रवाद से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

## तेल अवीव में विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिवारों ने किया विरोध प्रदर्शन

**यरूशलम।** इजरायल के तेल अवीव में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी 'होस्टेज स्क्वायर' पर एकत्रित हुए और इज़रायली सरकार से एक युद्धविराम समझौता करने का आग्रह किया जिससे गाजा में हमास और अन्य उग्रवादी समूहों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। यह प्रदर्शन इस सप्ताह की शुरुआत में हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा नए वीडियो जारी किए जाने के बाद हुआ, जिसमें इज़राइली बंधक एव्यातार डेविड और रोम ब्रास्लावस्की की हालत बेहद नाजुक दिखाई दे रही है।

# गाजा में अपनी कब्र खोद रहा इजरायली बंधक

**गाजा।** गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर हमास ने कहा है कि वह आजाद फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनने तक हथियार नहीं छोड़ेगा। हमास का 2007 से गाजा पर नियंत्रण है। हमास ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकाफ की बातों का जवाब दे रहे हैं।

विटकाफ ने कहा था कि हमास हथियार डालने के लिए तैयार है। इस बीच, इजरायल पर दबाव बढ़ाने के लिए हमास ने 24 साल के इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया। इसमें डेविड काफी कमजा. र और एक गड्डा खोदता हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में डेविड बताते हैं कि मैं अपनी कब्र के लिए गड्डा खोद रहा हूं। शुक्रवार को भी डेविड का वीडियो जारी किया गया था। डेविड के परिवार ने हमास पर क्रूर प्रचार और बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया। साथ ही इजरायल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



> अमेरिका के हथियार डालने के दावे पर हमास बोला: आजाद फिलिस्तीनी देश बनने तक लड़ेंगे

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट